मंगलवार, 6 मई 2025

**मौसम**

तापमान 35 – 26
आर्द्रता 64%
सूर्योदय: 5:02 सूर्यास्त: 18:06

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाग्य

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : मन को इतना मजबूत बनाइये किसी के व्यवहार से मन की शांति भंग ना हो।



'पंजाब एक बूंद पानी हरियाणा को नहीं देगा' : पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पेश –पृष्ठ 6






# 1971 के बाद पहली बार मॉक ड्रिल का आदेश!

## गृह मंत्रालय का बड़ा निर्देश, 7 मई को सभी राज्य करेंगे मॉक ड्रिल

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उभर रहे 'नये और जटिल खतरों' के मद्देनजर सभी राज्यों से सात मई को 'मॉक ड्रिल' आयोजित करने को कहा है। 1971 की जंग के बाद यह पहली बार है कि भारत सरकार ने ऐसा मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है. सभी राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को गृह मंत्रालय की ओर से भेजे गए परिपत्र में कहा गया है कि 'मॉक ड्रिल' के दौरान किए जाने वाले उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन, नागरिकों को 'किसी भी हमले' की सूरत में खुद को बचाने के लिए सुरक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण देना और बंकरों एवं खाइयों की साफ-सफाई शामिल है। अन्य उपायों में दुर्घटना की स्थिति में 'ब्लैकआउट' के उपाय, महत्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों की रक्षा तथा निकासी योजनाओं को अद्यतन करना एवं उनका पूर्वाभ्यास करना शामिल है। 'मॉक ड्रिल' में वायुसेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो-संचार लिंक का संचालन, नियंत्रण कक्षों और छाया नियंत्रण कक्षों की कार्यक्षमता का परीक्षण भी शामिल है।

अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड महानिदेशालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है, ''मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य में नये और जटिल खतरे/चुनौतियां उभरी हैं, इसलिए यह समझदारी होगी कि राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों में हर समय इष्टतम नागरिक सुरक्षा तैयारियां बनाए रखी जाएं। इसमें कहा गया है कि सरकार ने सात मई को देश के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और रिहर्सल आयोजित करने का निर्णय लिया है। पत्र में कहा गया है, अभ्यास का आयोजन गांव स्तर तक करने की योजना बनाई गई है। इस अभ्यास का उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में नागरिक सुरक्षा तंत्र की तैयारी का आकलन करना और उसे बढ़ाना है।'' इसमें कहा गया है कि अभ्यास में जिला नियंत्रकों, विभिन्न जिला अधिकारियों, नागरिक सुरक्षा 'वार्डन', स्वयंसेवकों, होमगार्ड (सक्रिय और रिजर्व स्वयंसेवक), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस), कॉलेज और स्कूली छात्रों की सक्रिय भागीदारी की परिकल्पना की गई है।

### रक्षा सचिव ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह बैठक वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है और माना जा रहा है कि उन्होंने सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने शनिवार को प्रधानमंत्री को अरब सागर के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था।

# दंगे भड़काने वाले बंगाल के दुश्मन, पर्दाफाश करूंगी : ममता

**कहा : 'मुर्शिदाबाद में सुनियोजित तरीके से भड़काई गई हिंसा, बाहर से लोग आए थे'**



■ **मुख्यमंत्री ने केंद्र पर देश की सीमा की सुरक्षा करने में नाकाम रहने का लगाया आरोप**

**मुर्शिदाबाद :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर सोमवार को सांप्रदायिक नफरत फैलाने और देश की सीमा की सुरक्षा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। पिछले महीने हुई हिंसा के बाद पहली बार मुर्शिदाबाद जिले के दौरे पर पहुंचने पर ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ बाहरी लोग और कुछ धार्मिक नेता समुदायों के बीच हिंसा और दुश्मनी भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। जो लोग दंगे भड़का रहे हैं, वे बंगाल के दुश्मन हैं। ममता ने कहा कि मुर्शिदाबाद में हिंसा सुनियोजित तरीके से भड़काई गई। बाहर से लोग यहां आए थे। उन्होंने दावा किया कि मैंने अधिकतर साजिशों का पर्दाफाश कर दिया है, मैं मीडिया के सामने इसका पर्दाफाश करूंगी। साबित करूंगी कि क्या हुआ था और कौन लोग शामिल थे।

दुर्भाग्य से कुछ मीडिया संस्थान बेबुनियाद बातें फैलाने में भाजपा के हाथों की कठपुतली बन गए हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्र को अपनी चेतावनी दोहराते हुए कहा कि सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के बजाय, हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी की भी याद दिलाई। ममता ने कहा कि जब आप कुर्सी पर होते हैं, तो आप लोगों को धार्मिक आधार पर नहीं बांट सकते। हिंसा का दोष भाजपा पर मढ़ते हुए ममता ने बीएसएफ द्वारा गोली चलाने पर भी सवाल उठाए। दरअसल, मुर्शिदाबाद में हिंसा के बाद हाई कोर्ट के आदेश पर प्रभावित क्षेत्र में तैनात बीएसएफ जवानों ने उपद्रवियों के हमले के बाद उन्हें काबू में करने के लिए हवाई फायरिंग की थी।

### ममता का आरोप, पीड़ित परिवारों को मुझसे मिलने नहीं दे रही भाजपा

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा नहीं चाहती कि मैं पीड़ित परिवारों से मुलाकात करूं। इसलिए भाजपा ने दंगा प्रभावित परिवारों को अन्य स्थानों पर भेज दिया है। उन्होंने कहा कि क्या यह अपहरण नहीं है? अगर मैं उनसे यहीं मिलती और उन्हें चेक सौंपती तो क्या नुकसान होता।

### 'राष्ट्रीय मुद्दे पर केंद्र सरकार के साथ खड़ी है तृणमूल'

वहीं, पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जारी तनाव को लेकर ममता ने कहा कि हमारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय मुद्दे पर केंद्र सरकार के साथ खड़ी है। हम आंतरिक और बाह्य सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर सरकार के साथ हैं।

### दीघा जगन्नाथ मंदिर पर विवाद :

### ममता ने नीम की लकड़ी चोरी करने के आरोप को बताया 'निराधार'

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दीघा जगन्नाथ मंदिर के विग्रह तैयार करने के लिए पुरी जगन्नाथ मंदिर के विग्रह के निर्माण में इस्तेमाल हुई नीम की लकड़ी के बचे भाग को चुराने के आरोप को सिरे से नकारा है। उन्होंने कहा कि हमपर नीम की लकड़ी चुराने का आरोप लगाया जा रहा है। मेरे घर के अहाते में नीम के चार पेड़ हैं। मेरा अभी इतना बुरा वक्त नहीं आया कि नीम का पेड़ चुराना पड़े। भगवान जगन्नाथ की मूर्तियां बिकती हैं। बहुतों के घरों में भी हैं। लकड़िया पुरी जगन्नाथ मंदिर के सेवायत (पुरोहित) राजेश दैतापति किसी अन्य जगह से लेकर आए थे। ममता ने ओडिशा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि दीघा जगन्नाथ मंदिर को लेकर बहुतों को ईर्ष्या हो रही है। मैंने सुना है कि राजेश दैतापति को तलब करके प्रश्न किए जा रहे हैं।


**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


## भारत की सीमा में घुसपैठ करने के आरोप में एक पाकिस्तानी नागरिक पकड़ा गया

**गुरदासपुर :** बीएसएफ ने भारत की सीमा में घुसपैठ करने के आरोप में पाकिस्तान के एक नागरिक को पकड़ा है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दरिया मंसूर की सीमा चौकी (बीओपी) साहपुर के क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने तीन मई की रात को सीमा बाड़ से आगे और भारतीय क्षेत्र में लगभग 250 मीटर के अंदर फल्कू नाला के पास संदिग्ध गतिविधियां देखीं। उन्होंने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति झाड़ियों के पीछे छिपा दिखा जिसकी पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में हुई।

# पहलगाम आतंकी हमला: जापान ने भारत को 'पूर्ण समर्थन' की पेशकश की



**नयी दिल्ली :** भारत और जापान ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर आतंकवाद से निपटने के लिए एकजुट वैश्विक प्रयासों पर जोर दिया और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत को निशाना बनाकर ''सीमा पार'' आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की पाकिस्तान की नीति की निंदा की। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मुद्दा सिंह और उनके जापानी समकक्ष जनरल नकातानी के बीच हुई बातचीत में प्रमुखता से उठा। बातचीत में मुख्य रूप से टैंक इंजन और एयरो इंजन सहित नए क्षेत्रों में भारत-जापान रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''सिंह ने भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद की पाकिस्तान की नीति की निंदा की, जिसे सरकार और सरकार से इतर तत्वों के माध्यम से अंजाम दिया जाता है।'' इसमें कहा गया, ''उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को अस्थिर करते हैं। राजनाथ सिंह ने आतंकवाद और इसे बढ़ावा देने वाली सरकार प्रायोजित कार्रवाइयों के खिलाफ एकजुट रुख अपनाने का आह्वान किया।'' मंत्रालय ने कहा कि जापानी रक्षा मंत्री ने आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और भारत को ''पूर्ण समर्थन'' की पेशकश की। इसने कहा कि दोनों मंत्रियों ने भारत और जापान के बीच ''मजबूत'' समुद्री सहयोग में ''नए आयाम जोड़ने'' पर सहमति व्यक्त की। नकातानी की भारत यात्रा पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच हुई है।

### रूस ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन किया

**पुतिन ने वार्षिक उच्च स्तरीय बैठक के लिए प्रधानमंत्री मोदी का निमंत्रण स्वीकार किया**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है तथा पहलगाम आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। रूसी दूतावास की ओर से जारी एक वक्तव्य में कहा गया कि पुतिन ने आतंकवादी हमले को ''बर्बर'' करार दिया और दोनों नेताओं ने हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ ''बिना समझौता किए लड़ाई'' की आवश्यकता पर बल दिया। इसने यह भी कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री का निमंत्रण स्वीकार कर लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''मोदी के साथ बातचीत में पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।''

## तनाव कम करें भारत और पाक, सैन्य समाधान नहीं है समस्या का हल : संयुक्त राष्ट्र प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पिछले कई वर्षों के मुकाबले इस बार उच्चतम स्तर पर है और ऐसे में दोनों पक्षों को संयम बरतना चाहिए तथा तनाव को दूर करना चाहिए। गुतारेस ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, ''इसमें कोई संदेह नहीं है कि सैन्य समाधान कोई समाधान नहीं है।'' उन्होंने कहा कि वह 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भयानक आतंकवादी हमले के बाद की भावनाओं को समझते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने एक बार फिर उस हमले की कड़ी निंदा की तथा पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''आम लोगों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है – और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को विश्वसनीय तथा वैध तरीकों से न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।'' गुतारेस ने शांति के लिए दोनों देशों की सरकारों की मदद करने की पेशकश दोहराई। उन्होंने कहा, ''संयुक्त राष्ट्र किसी भी ऐसी पहल का समर्थन करने के लिए तैयार है जो तनाव कम करने, कूटनीति और शांति के लिए नयी प्रतिबद्धता को बढ़ावा दे।''

# कोलकाता में दिनदहाड़े ढाई करोड़ से अधिक रुपये की लूट

**इंटाली की घटना, जांच में जुटी पुलिस**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के इंटाली थाना क्षेत्र में सोमवार को एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई। आरोप है कि दो व्यक्तियों से टैक्सी में सवार होने के दौरान करीब 2.66 करोड़ रुपये नकद लूट लिए गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 11:45 बजे एसएन बनर्जी रोड स्थित एक विदेशी मुद्रा विनिमय कंपनी के कार्यालय से दो कर्मचारी बैगों में नकद रुपये लेकर बाहर निकले और एक टैक्सी में सवार हुए। इन बैगों में लगभग 2.66 करोड़ रुपये नकद रखे गए थे, जिन्हें बैंक में जमा कराने की योजना थी। जब टैक्सी फिलिप्स मोड़ के पास पहुंची, तब दो अज्ञात व्यक्ति हाथ दिखाकर उसी टैक्सी में चढ़ गए। आरोप है कि इन अजनबियों ने टैक्सी चालक को धमकाकर गाड़ी को कमरडांगा की एक सुनसान गली में ले जाने को मजबूर किया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उस सुनसान स्थान पर पहले से ही कुछ अन्य लोग मौजूद थे। इन सभी ने मिलकर दोनों यात्रियों को डराया और रुपयों से भरे बैग लूट लिए। घटना के तुरंत बाद पीड़ितों ने इंटाली थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने लूट के इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायतकर्ताओं के बयानों को समय के क्रम में ध्यानपूर्वक रिकॉर्ड किया जा रहा है और हर विवरण की सत्यता की जांच की जा रही है।


## जायसवाल परिवार में शोक



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी प्रिय

**श्रीमती पुष्पा जायसवाल**

(धर्मपत्नी श्री जवाहर लाल जायसवाल)

का स्वर्गवास मंगलवार, 29 अप्रैल, 2025 को हो गया है।

**: दशवा :**

दिनांक - शुक्रवार, 9.5.25, सुबह 10.00 बजे से, स्थान : पथरिया घाट

**तेरही एवं बिरादरी भोज**

दिनांक - सोमवार,12.5.25 स्थान : जायसवाल समाज भवन, 81 एल. बेचू चटर्जी स्ट्रीट, कोलकताता-9

**: शोकाकुल :**

हीरा लाल जायसवाल (जेठ) — अनीता जायसवाल (जेठानी)
सौरव जायसवाल (पुत्र) — प्रियंका जायसवाल (पुत्रवधू)
जूही साव (पुत्री) — रितेश कुमार साव (दमाद)
रोशन जायसवाल (भतीजा) — योषिता जायसवाल (भतीजावधू)
रोहित जायसाल (भतीजा) — रूपा जायसाल (भतीजावधू)
पूनम गुप्ता (भतीजी) — पीयूष गुप्ता (दामाद)
अनीता जायसवाल (ननद) — वरिश, इवान, प्राणंशी (पोता, पोती)

निवास : 13ए, बेचू चटर्जी स्ट्रीट, कोलकाता-700009 (Shivalaya Apartment)

मोबाइल : 9433020326/ 9331504739/ 9830164247


# वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

■ **नए सीजेआई के नेतृत्व वाली पीठ वक्फ अधिनियम के खिलाफ याचिकाओं पर 15 मई को सुनवाई करेगी: न्यायालय**

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अगले प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई के नेतृत्व वाली पीठ 15 मई को विचार करेगी। मौजूदा प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। न्यायमूर्ति खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ जैसे ही सुनवाई के लिए बैठी, सीजेआई ने कहा, ''कुछ ऐसे पहलू हैं, जिनसे आप (केंद्र) निपट चुके हैं, लेकिन उस पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। मैं इस अंतरिम चरण में कोई निर्णय या आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता। इस मामले की सुनवाई यथोचित रूप से शीघ्र करनी होगी और यह मेरे समक्ष नहीं होगी।'' न्यायमूर्ति खन्ना के 13 मई को सीजेआई पद से सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद न्यायमूर्ति गवई अगले सीजेआई के रूप में उनका स्थान लेंगे। सीजेआई ने कहा, ''हमने (केन्द्र के) जवाबी हलफनामे का बहुत गहराई से अध्ययन नहीं किया है। हां, आपने पंजीकरण (वक्फ संपत्तियों के) के संबंध में कुछ बिंदु उठाए हैं और कुछ विवादित आंकड़े दिए हैं, जिन पर कुछ विचार करने की आवश्यकता होगी।'' केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीजेआई की सेवानिवृत्ति का जिक्र करते हुए कहा, ''हम आपके (सीजेआई) सामने आकर इस मामले को उठाना पसंद करते, क्योंकि हर सवाल का जवाब होता है।

हालांकि, हम आपको परेशान नहीं कर सकते, क्योंकि समय नहीं है।'' विधि अधिकारी ने कहा, ''माननीय न्यायाधीश को (सेवानिवृत्ति के बारे में) याद दिलाना कष्टदायक है।'' सीजेआई ने जवाब दिया, ''नहीं नहीं, मैं इसका इंतजार कर रहा हूं।'' उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केन्द्र का हलफनामा विस्तृत है और इसमें पिछली तारीख पर व्यक्त की गई चिंताओं से संबंधित अधिकतर मुद्दों पर बात की गई है। सीजेआई ने कहा कि केंद्र द्वारा संदर्भित और दूसरे पक्ष की ओर से विवादित कुछ आंकड़ों से निपटना पड़ सकता है तथा मामले की सुनवाई किसी भी उचित समय पर पहले करनी होगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि समय की कमी के कारण उनके नेतृत्व वाली पीठ के समक्ष यह संभव नहीं होगा। उन्होंने याचिकाओं पर आगे की सुनवाई मनोनीत प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति गवई की पीठ के समक्ष 15 मई के लिए सूचीबद्ध कर दी।




## टॉपर्स संस्कृति का विकल्प तलाशें

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी युवा प्रतिभाएं आसमानी उम्मीदों, टॉपर संस्कृति के दबाव व तंत्र की विसंगतियों के चलते आत्मघात की शिकार हो रही हैं। हाल ही में तीन छात्रों की दुखद मौतें विचलित करने वाली हैं। इनमें राजस्थान स्थित कोटा के नीट के परीक्षार्थी और मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस का एक छात्र शामिल था। नीट परीक्षा से पूर्व छात्रों का मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता को ही उजागर करता है। विडंबना ये है कि परीक्षाओं के इस जोखिम को हम नजरअंदाज करते हैं। जो बताता है कि ये प्रतिभाएं किस हद तक शैक्षणिक दबाव, मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी तथा अवास्तविक अपेक्षाओं के मिलने से बनी जानलेवा घातकता का शिकार हो रही हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे वायदे करते रहते हैं। निस्संदेह, इस तरह के खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और चिंतित अभिभावकों के लिये एक घातक संजाल बन जाते हैं।

निश्चित रूप से युवाओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन कोई भी प्रावधान तब तक कारगर साबित नहीं हो सकते जब तक कि कोचिंग संस्थानों की कारगुजारियों की नियमित निगरानी न की जाए। कोचिंग संस्थानों में नामांकन से पहले अनिवार्य परामर्श और योग्यता परीक्षण मददगार हो सकता है। यह विडंबना ही है कि वर्ष 2018 के दिशा-निर्देश, जिनका मकसद छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना और निजी संस्थानों को विनियमित करना था, वे आज अप्रासंगिक हो गए हैं। यह एक हकीकत है कि सख्त निगरानी के बिना नये कानून का भी प्रतीकात्मक बनने का जोखिम बना रहता है। युवाओं को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिये बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिये रैंकिंग से जोड़ना कालांतर अन्य छात्रों को निराशा के भंवर में फंसा देता है। वास्तव में सरकार को ऐसा पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करना चाहिए, जो विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिये पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर पैदा कर सके। वास्तव में हमें युवाओं को मानसिक रूप से सबल बनाने की सख्त जरूरत है। प्रतिभागियों को बताया जाना चाहिए कि कोई भी परीक्षा जीवन से बड़ी नहीं होती। यदि वे एक परीक्षा या पाठ्यक्रम में सफल नहीं होते तो रोजगार के असंख्य विकल्प उनका इंतजार कर रहे होते हैं।

# प्रधानमंत्री द्वारा सेना को पाक के ख़िलाफ़ खुली छूट देने के मायने



संदीप सृजन

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई, इसके बाद से भारत-पाक तनाव चरम पर है । इस हमले के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक उच्चस्तरीय बैठक में सशस्त्र बलों को पाकिस्तान के ख़िलाफ़ कार्रवाई के लिए खुली छूट देने की घोषणा की। इस कदम ने न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी व्यापक चर्चा को जन्म दिया है।

प्रधानमंत्री द्वारा सेना को खुली छूट देने का अर्थ है कि भारतीय सशस्त्र बलों को आतंकवाद के ख़िलाफ़ कार्रवाई के लिए पूर्ण सामरिक और तकनीकी स्वायत्तता प्रदान की गई है। इसका मतलब यह है कि सेना को यह तय करने की आजादी है कि कार्रवाई का समय, स्थान, लक्ष्य और तरीका क्या होगा। यह स्वायत्तता केवल सैन्य अभियानों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें खुफिया जानकारी के आधार पर त्वरित निर्णय लेने और सीमा पार आतंकी ठिकानों पर हमला करने की क्षमता भी शामिल है।

यह नीति पहलगाम हमले के जवाब में सामने आई, जिसे भारत ने पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ा है। इस हमले ने भारत में जनता के बीच गुस्से को भड़काया और सरकार पर कठोर कार्रवाई की मांग को बढ़ाया। प्रधानमंत्री का यह बयान कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है और सेना को लक्ष्य, समय और तरीका तय करने की स्वतंत्रता देना, भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाता है।



हालांकि यह पहली बार नहीं है जब भारत ने आतंकवाद के जवाब में सेना को खुली छूट दी हो। 2016 में उरी हमले और 2019 में पुलवामा हमले के बाद भी भारत ने पाकिस्तान के ख़िलाफ़ कठोर कार्रवाई की थी। उरी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (झेज़) में सर्जिकल स्ट्राइक की, जिसमें आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया। इसके बाद, पुलवामा हमले के जवाब में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी शिविरों पर हवाई हमला किया।

इन दोनों घटनाओं में सेना को सरकार से स्पष्ट निर्देश और स्वायत्तता प्राप्त थी, जिसके परिणामस्वरूप भारत ने अपनी सैन्य शक्ति और आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया। 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ हुई झड़प के दौरान भी सेना को इसी तरह की स्वतंत्रता दी गई थी, जिसने भारत की सीमाओं की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

खुली छूट का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव यह है कि सेना अब बिना राजनीतिक या नौकरशाही हस्तक्षेप के त्वरित कार्रवाई कर सकती है। यह विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद के मामलों में महत्वपूर्ण है, जहां समयबद्ध प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण होती है। इस घोषणा ने पाकिस्तान में खलबली मचा दी है। पाकिस्तानी नेताओं और मीडिया ने 24-36 घंटों के भीतर भारत द्वारा हमले की आशंका जताई थी। कुछ पाकिस्तानी अधिकारियों ने अपने परिवारों को विदेश भेज दिया है, और सेना में सामूहिक इस्तीफों की खबरें भी सामने आई हैं। यह दर्शाता है कि भारत की यह नीति न केवल सैन्य बल्कि मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी प्रभावी है।

भारत की सेना किसी भी समय सीमा पार आतंकी ठिकानों पर हमला कर सकती है। यह हमला सर्जिकल स्ट्राइक, हवाई हमले, या किसी नए तरीके से हो सकता है। पाकिस्तान ने पहले ही सीमा पर टैंक तैनात किए हैं और अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। हालांकि, उसकी सेना में मनोबल की कमी और आंतरिक अस्थिरता भारत के लिए लाभकारी हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य देश इस तनाव को कम करने की कोशिश कर सकते हैं। हालांकि, भारत ने स्पष्ट किया है कि उसकी कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ होगी, जिसके लिए उसे वैश्विक समर्थन मिलने की संभावना है।

प्रधानमंत्री द्वारा सेना को पाकिस्तान के ख़िलाफ़ खुली छूट देना एक साहसिक और रणनीतिक कदम है, जो भारत की आतंकवाद के प्रति कठोर नीति को दर्शाता है। यह कदम न केवल सैन्य स्तर पर बल्कि राजनयिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहा है। हालांकि, इसके साथ क्षेत्रीय अस्थिरता और युद्ध का जोखिम भी जुड़ा है। भारत को अपनी कार्रवाइयों में संतुलन बनाए रखना होगा ताकि वह आतंकवाद के ख़िलाफ़ प्रभावी ढंग से लड़ सके, साथ ही व्यापक युद्ध से बच सके। यह नीति भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसके दीर्घकालिक परिणाम क्षेत्रीय और वैश्विक गतिशीलता पर निर्भर करेंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तम्भकार हैं)

# कांग्रेस अपने इस नेता को क्यों शक की नजर से देखती है



अजय कुमार

क्या कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर अपनी पार्टी से नाराज चल रहे हैं। यह सवाल इस लिये उठ रहा है क्योंकि थरूर कई बार पार्टी की लाइन से हटकर बयान दे रहे हैं। कांग्रेस में जब अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ थो तो भी शशि थरूर ने गांधी परिवार की नाराजगी की चिंता किये बिना कांग्रेस अध्यक्ष पद के दावेदार मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ चुनाव मैदान में ताल ठोकी थी,यह बात गांधी परिवार को काफी बुरी थी लगी थी,इसी लिये कांग्रेस में थरूर को अब शक की नजर से देखा जाता है।

खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके रिश्ते कुछ ज्यादा ही मिठास भरे नजर आ रहे हैं। जब भी दोनों नेता कहीं मिलते हैं या लोकसभा में आमना-सामना होता है भी अक्सर प्रधानमंत्री मोदी इस दिग्गज कांग्रेस नेता को सम्बोधित करते नजर आते हैं। ऐसा ही कुछ केरल के विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह के उद्घाटन के दौरान देखने को मिला जब जब सांसद शशि थरूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ही मंच पर दिखाई दिए। दोनों ने एक-दूसरे गरम जोशी से स्वागत किया। इस दृश्य ने न केवल स्थानीय राजनीति को बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस की नींदें उड़ा दीं। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी का व्यंग्यात्मक अंदाज़, दूसरी ओर थरूर की सहज आत्मीयता, इस पूरे प्रसंग को सामान्य शिष्टाचार से कहीं ज़्यादा बड़ा राजनीतिक संकेत बना गई।

गौरतलब हो शशि थरूर कोई साधारण सांसद नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय अनुभव, संयुक्त राष्ट्र में लंबी सेवा, शानदार वक्तृत्व कला और साहित्यिक पृष्ठभूमि उन्हें एक ऐसा राजनेता बनाती है जो भीड़ में अलग दिखते हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी के भीतर उनका व्यक्तित्व अक्सर असहजता पैदा करता रहा है। उनके स्पष्ट विचार, खुले मंचों पर सरकार की तारीफ और खुद को पार्टी लाइन से ऊपर रखने की प्रवृत्ति उन्हें अक्सर 'अपनों' के बीच ही अजनबी बना देती है। विझिंजम पोर्ट कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी तो एक सांसद की भूमिका के तहत थी, लेकिन जिस तरह उन्होंने प्रधानमंत्री से गर्मजोशी से हाथ मिलाया, तस्वीरें साझा कीं और फिर सोशल मीडिया पर गर्व के साथ लिखा कि उन्हें इस परियोजना से शुरू से जुड़ने का सौभाग्य मिला है यह सब कुछ कांग्रेस को चुभने के लिए काफी था।

राजनीति में जो चीजें नज़र आती हैं, वे उतनी महत्वपूर्ण नहीं होतीं, जितनी कि उनके पीछे छिपे संदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कला के उस्ताद हैं। मंच से उन्होंने व्यंग्य के लहजे में कहा कि यह आयोजन कई लोगों की नींद हराम कर देगा। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके संकेत स्पष्ट थे। राहुल गांधी, जो अक्सर प्रधानमंत्री की विदेश नीति और नेतृत्व शैली की कटु आलोचना करते हैं, वहीं उनके ही पार्टी सहयोगी थरूर मंच पर खड़े होकर इस ऐतिहासिक क्षण में प्रधानमंत्री का समर्थन करते दिखे। यह विरोधाभास कांग्रेस के लिए एक सियासी संकट बनता जा रहा है।

शशि थरूर की प्रधानमंत्री मोदी के साथ बढ़ती श्सार्वजनिक नजदीकियोंश् की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी वे रूस-यूक्रेन युद्ध के मसले पर भारत की नीति की सराहना कर चुके हैं। थरूर ने स्वीकार किया था कि उन्होंने पहले इस नीति की आलोचना की थी लेकिन बाद में यह मानना पड़ा कि मोदी सरकार ने कूटनीतिक संतुलन बेहतरीन तरीके से साधा। उन्होंने यहां तक कहा कि जब प्रधानमंत्री ने दो सप्ताह के भीतर रूस और यूक्रेन दोनों के राष्ट्रपतियों से मुलाकात की और दोनों ने भारत को सम्मान दिया, तो वह क्षण गर्व का था। यह बयान कांग्रेस की आधिकारिक विदेश नीति आलोचना के बिल्कुल विपरीत था।

भाजपा को थरूर के इस बदले रुख में संभावनाएं दिख रही हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने तंज कसा कि प्रधानमंत्री को अब नए आल-ोचकों की ज़रूरत है क्योंकि पुराने अब उनके प्रशंसक बनते जा रहे हैं। एक और भाजपा नेता बैजयंत जय पांडा ने शशि थरूर के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा था कि वे और थरूर अब एक ही दिशा में यात्रा कर रहे हैं। शशि थरूर ने इस पर हल्के-फुल्के अंदाज़ में प्रतिक्रिया दी लेकिन यह संकेत कई लोगों के लिए बहुत गंभीर था।

थरूर की यह छवि कांग्रेस के भीतर लगातार चर्चा का विषय रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता भले सार्वजनिक रूप से कुछ न कहें, लेकिन निजी तौर पर यह चिंता जरूर जताई जाती रही है कि थरूर अपनी स्वतंत्र सोच को पार्टी लाइन से ऊपर रख रहे हैं। जब हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद खुफिया तंत्र की आलोचना हो रही थी, तब थरूर ने कहा कि किसी देश की खुफिया एजेंसी सौ फीसदी प्रभावी नहीं हो सकती और उन्होंने इजरायल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी चूक होती है। इस बयान पर कांग्रेस के ही नेता उदित राज ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि थरूर भाजपा सरकार का बचाव कर रहे हैं, जबकि वे विपक्ष में हैं।

साल 2024 के लोकसभा चुनाव में तिरुवनंतपुरम से थरूर की जीत ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को हराया और भाजपा ने हार के बावजूद चंद्रशेखर को केरल का नेतृत्व सौंपा। इससे यह साफ है कि भाजपा थरूर को एक गंभीर प्रतिद्वंद्वी मानती है और उन्हें अपने पक्ष में करने की हर संभावित रणनीति पर काम कर रही है। वहीं थरूर की रणनीति भी अब खुलकर सामने आ रही है वे यह दर्शा रहे हैं कि वे राष्ट्रहित में किसी की भी प्रशंसा करने से पीछे नहीं हटते, चाहे वह प्रधानमंत्री मोदी ही क्यों न हों।

यह घटनाक्रम सिर्फ एक राजनीतिक समीकरण नहीं, बल्कि कांग्रेस के भीतर नेतृत्व संकट का भी संकेत देता है। थरूर जैसे नेता, जो लोकप्रिय हैं, मीडिया में प्रभावी हैं, वैश्विक सोच रखते हैं, वे पार्टी में हाशिए पर क्यों हैं? यह सवाल कांग्रेस को खुद से पूछना होगा। खुद थरूर ने फरवरी 2025 में कहा था कि अगर कांग्रेस को मेरी जरूरत नहीं है तो मेरे पास भी विकल्प हैं। यह बयान हल्का नहीं था, यह एक चेतावनी थी।

भारतीय राजनीति अब तेजी से बदल रही है। विचारधारा से अधिक व्यक्ति का प्रभाव, चेहरे की पहचान और राष्ट्रहित में उठाए गए कदमों की अहमियत बढ़ गई है। ऐसे में थरूर जैसे नेता, जो बौद्धिक और व्यावहारिक राजनीति का मेल हैं, उन्हें लंबे समय तक पार्टी की आंतरिक राजनीति में उलझाकर नहीं रखा जा सकता। अगर कांग्रेस उन्हें अपना नहीं बना पाती, तो अन्य विकल्पों के लिए रास्ते खुले हैं।

विझिंजम पोर्ट पर मंच साझा करना महज शिष्टाचार नहीं था। यह एक राजनीतिक संदेश था थरूर की तरफ से भी और प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से भी। एक तरफ भाजपा केरल में जमीन तलाश रही है, दूसरी ओर थरूर दिल्ली में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। आने वाले महीनों में यह तय होगा कि शशि थरूर कांग्रेस के भीतर रहकर ही पार्टी के कायाकल्प की उम्मीद रखते हैं या फिर उन्हें कोई नई राजनीतिक राह बुला रही है।

-उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार

## ईरान ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने का आग्रह किया

इस्लामाबाद : ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने तथा स्थिति को और बिगड़ने से रोकने का आग्रह किया। अराघची पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ी तल्खी के बीच पाकिस्तानी नेतृत्व के साथ बातचीत के लिए एक दिवसीय यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंचे। उनका बृहस्पतिवार को भारत दौरे पर जाने का कार्यक्रम है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बातचीत में तेहरान और इस्लामाबाद इस बात पर सहमत हुए कि जटिल क्षेत्रीय मुद्दों को वार्ता के जरिये ही सुलझाया जा सकता है। ईरान के सरकारी समाचार चैनल 'प्रेस टीवी' की खबर के मुताबिक, अराघची ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद कहा, क्षेत्र के हालात ईरान के लिए बहुत अहम हैं और हम तनाव कम करने के महत्व पर जोर देते हैं तथा सभी पक्षों से संयम बरतने और स्थिति को और बिगड़ने से रोकने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा, हम क्षेत्र में तनाव कम करने की कोशिश करेंगे। ईरान की अर्ध-स्वायत्त समाचार एजेंसी 'मेहर न्यूज' की खबर के अनुसार, अराघची ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ आए ईरानी पत्रकारों से कहा, भारत और पाकिस्तान दोनों ही ईरान के मित्र देश हैं। बेशक, पाकिस्तान हमारा पड़ोसी देश है, जिससे हमारे दोस्ताना संबंध हैं और हमें भारत यात्रा से पहले पाकिस्तान में अपने मित्रों के रुख के बारे में जानकारी हासिल करने में दिलचस्पी थी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 मई, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, वैशाख शुक्लपक्ष नवमी, 08:41 तक, नक्षत्र : मघा, 15:51 तक, योग : ध्रुव, 24:27 तक, सूर्योदय: 5:02, सूर्यास्त: 18:06, चन्द्रोदय : 12:54, चन्द्रास्त: 01:15, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 14:47 से 16:24

## राशिफल

**मेष :** मेष जातकों के जातकों को राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में चुनौतियां मिल सकती हैं। नौकरीपेशा लोगों को परिश्रम के बाद भी अपेक्षित परिणाम मिलने में दूर हो सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए दिन कार्यक्षेत्र में किसी अप्रत्याशित चुनौती को लेकर आ सकता है। किसी नए कॉन्ट्रैक्ट में आपको धोखा मिल सकता है। वरिष्ठ लोगों के साथ संवाद में पारदर्शिता रखें।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन कई व्यावसायिक और व्यय से जुड़े अवसर लेकर आएगा। बुद्धि और वाणी में तीव्रता रहेगी, जो आपको विपरीत परिस्थितियों से उबरने में मदद करेगी।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन करियर और आर्थिक स्थिति दोनों में संतुलन की मांग कर रहा है। नौकरीपेशा लोगों को कोई नया और बेहतर अवसर मिल सकता है।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में नए अवसरों के संकेत मिल रहे हैं। आपको धन से जुड़े मामलों में लाभ होगा। उच्च पदस्थ लोगों का साथ मिलेगा जिससे योजनाएं साकार होंगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लिए दिन व्यस्तता और अवसरों से भरा रहेगा। व्यापार में आज कोई बड़ा सौदा हो सकता है, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, शिक्षा या ऑनलाइन सेक्टर से जुड़े लोग लाभ में रहेंगे।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन आर्थिक रूप से बहुत ही सकारात्मक रहेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। व्यापार में नई शाखा खोलने या उत्पाद विस्तार की योजना लाभदायक सिद्ध होगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में उन्नति के संकेत हैं। सरकारी अनुबंध या उच्च स्तरीय मीटिंग से व्यावसायिक विस्तार हो सकता है। व्यापार में नया निवेश फलदायी रहेगा।

**धनु :** धनु राशि के लोगों के लिए दिन करियर और पैसे दोनों में मिले-जुले परिणाम मिलेंगे। कोई पुराना कानूनी मामला अचानक फिर सक्रिय हो सकता है, जिससे व्यय बढ़ेगा।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए आज का दिन काम में मन लगाने और व्यावसायिक अनुशासन का है। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों के लिए दिन आर्थिक दबावों और कार्यभार से भरा रहेगा। व्यय अधिक रहेगा, विशेषकर घर के कार्यों में लाभ होगा। व्यापारियों को पेमेंट के मामले में परेशानी हो सकती है।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए दिन विरोधियों पर भारी पड़ने का है। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी, जिससे नई जिम्मेदारियां भी आ सकती हैं। निवेश के लिए दिन अनुकूल है।

## विदेश की खबरें

## भारत ने हमला किया या जल प्रवाह बाधित किया तो परमाणु हथियारों से जवाब दिया जाएगा: पाकिस्तान

**मॉस्को :** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के मध्य तनाव के बीच यहां पाकिस्तान के राजदूत ने चेतावनी दी कि यदि उनके देश पर हमला किया गया या उसके महत्वपूर्ण जल प्रवाह को बाधित किया गया तो पाकिस्तान परमाणु हथियारों सहित 'पूरी ताकत' से जवाब देगा। मुहम्मद खालिद जमाली ने रविवार को रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' के साथ साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की। यह चेतावनी देते हुए कि पाकिस्तान किसी भी आक्रमण का जवाब देने के लिए तैयार है, राजदूत ने कहा, 'हम पाकिस्तान में पारंपरिक और परमाणु दोनों प्रकार की पूरी ताकत का इस्तेमाल करेंगे।' जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। जमाली ने भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि के संबंध में इस्लामाबाद की स्थिति को दोहराया, जिसे नयी दिल्ली ने आतंकवादी हमले की वजह से अपनी कूटनीतिक प्रतिक्रिया के तहत पिछले सप्ताह निलंबित कर दिया था। उन्होंने कहा, 'निचले तटवर्ती क्षेत्र के पानी को हड़पने, उसे रोकने या उसकी दिशा बदलने का कोई भी प्रयास पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई होगा और इसका जवाब पूरी ताकत से दिया जाएगा, जिसमें परमाणु हमला भी शामिल है।' राजदूत ने हालांकि तनाव कम करने का आग्रह किया और कहा कि दोनों देशों के पास परमाणु हथियार होने के कारण खतरा उत्पन्न हो सकता है। पाकिस्तान ने इससे पहले कश्मीर हमले की 'तटस्थ और विश्वसनीय जांच' की मांग की थी।

### पाकिस्तान ने 'फतह' मिसाइल का 'प्रशिक्षण परीक्षण' किया

**इस्लामाबाद :** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ तनाव बढ़ने के बीच पाकिस्तान ने सोमवार को 120 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली 'फतह श्रृंखला' की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का सफल 'प्रशिक्षण परीक्षण' किया। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि जारी अभ्यास 'इंडस' के तहत यह परीक्षण किया गया। बयान में कहा गया कि इस परीक्षण का उद्देश्य सैनिकों की अभियानगत तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल की उन्नत दिशा-निर्देशन प्रणाली तथा सटीकता सहित प्रमुख तकनीकी मापदंडों को देखना था। यह प्रशिक्षण परीक्षण ऐसे समय किया गया जब 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की हत्या किए जाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है।

## बांग्लादेश की अदालत ने वकील की हत्या के मामले में चिन्मय दास की गिरफ्तारी का आदेश दिया

**ढाका :** बांग्लादेश की अदालत ने एक वकील की हत्या के संबंध में हिरासत में लिए गए हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार करने का सोमवार को आदेश दिया। वकील की पिछले साल नवंबर में चटगांव अदालत के बाहर हत्या कर दी गई थी। इस्कॉन के पूर्व नेता दास को पिछले साल 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान से संबंधित राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था। दास को चटगांव की एक अदालत में ले जाया गया, जिसने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी और अगले दिन उन्हें जेल भेज दिया। दास की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने ढाका और अन्य स्थानों पर प्रदर्शन किया। चटगांव में, प्रदर्शन हिंसक हो गया जब सहायक सरकारी अभियोजक सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या कर दी गई। सुरक्षा चिंताओं के कारण सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये सुनवाई के बाद चटगांव के अतिरिक्त उपायुक्त माफिजउद्दीन ने संवाददाताओं को बताया, 'उन्हें (दास को) अधिवक्ता सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या के मामले में अदालत के आदेश के तहत गिरफ्तार किया गया।' अदालत के अधिकारियों ने बताया कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एस.एम. अलाउद्दीन ने सुनवाई के दौरान पुलिस की याचिका स्वीकार करते हुए यह आदेश जारी किया।

## वर्ग पहेली नं. 3083



*बायें से दायें:-* 1) गुप्तचर, 3) हयादार; लजीला; संकोची, 6) चंद्रमा, 8) भस्म, 9) उजाड़, 11) तरीक़ा; क्रम, 13) मारे हुए और घायल, 15) बहुत थोड़ा, 17) लंबाई मापने का एक पैमाना, 18) ब्याज, 19) लचीला; *इलास्टिक,* 22) परिणाम, 24) वीरता, 25) चंद्रमा, 27) पतली लचीली छड़ी, 28) प्रतिदिन, 29) झेलना ; भोगना, 30) चकल्लस.

*ऊपर से नीचे:-* 1) गंगा, 2) भेदभावहीनता, 3) *रामायण* कालीन एक रामभक्त वनवासी स्त्री, 4) मुनाफ़ा, 5) रविवार, 7) शक्ति, 10) पथिक, 12) एक वीणापाणि देवर्षि, 14) कंठ, 16) भाई का बेटा, 18) सूर्य, 20) चिपकना, 21) एक वृक्ष जिसकी छाल मसाले के काम में आती है, 22) हिस्सा; खंड; भाग, 23) रोगी, 24) प्रयत्न, 26) घोषविक्रय, 28) मनाही.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | र | .फ | ■ | ■ | गु | ■ | गु | ■ | पै |
| ■ | ■ | स | ट | क | ना | ■ | र | वा | ना |
| सं | क | ल | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ |
| क | ■ | ■ | पा | त्र | ■ | हा | ■ | ■ | कौ |
| ट | क | रा | व | ■ | अ | स | र | दा | र |
| ■ | र्त | ■ | ती | ■ | ■ | हा | ■ | मि | ■ |
| ■ | व्य | य | ■ | सु | धा | ■ | प | नी | र |
| फ़ाँ | ■ | ती | ■ | हा | र | जी | त | ■ | सी |
| क | ल | म | ल | ना | ■ | ■ | ला | ड़ | ला |

## सुडोकू-पहेली-3040

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | 8 | | 1 | 3 | |
| | | 7 | | | | | 2 | |
| | | | | | 1 | 5 | | |
| 6 | 4 | 8 | | | 7 | | | |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | | | 5 | | 6 | | | |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| | | 2 | | | | | | 7 |
| | | 3 | | 6 | | | 1 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3039 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 5 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 5 | 6 | 2 | 7 |

# भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला बोलने पर पीटा जा रहा है : ममता



**मुर्शिदाबाद :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को एक ऐसा आरोप लगाया है जो पूरे देश में गंभीर विषय बन गया है। उनके आरोप के अनुसार, ओडिशा, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र जैसे भाजपा शासित राज्यों में पश्चिम बंगाल के लोगों को काम पर जाते समय बंगाली बोलने पर पीटा जा रहा है। मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि आखिर ऐसा क्यों होगा? ममता ने आगे कहा कि आप हमारे लोगों को क्यों पीट रहे हैं? मुझे जानकारी मिली है कि ओडिशा, महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश में बांग्ला बोलने वाले लोगों पर हमला किया जा रहा है। ममता बनर्जी की भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि मैं इन सभी राज्यों की सरकारों से कह रही हूं, ये सब बंद करे। बंगाल में भी विभिन्न राज्यों के करीब 1.5 करोड़ प्रवासी श्रमिक काम कर रहे हैं। हम उन पर आपकी तरह अत्याचार नहीं करते। आपके श्रमिक हमारे राज्य में सुरक्षित हैं, लेकिन अगर कहीं कोई समस्या होती है, अगर किसी खास संगठन का सदस्य आकर उन्हें धमकाता है, तो मैं उसकी जिम्मेदारी नहीं ले सकती। ममता ने कहा कि आप बंगाली बोलने के कारण हमारे प्रवासी श्रमिकों पर हमले कर रहे हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं करेंगे। यही आप और मुझमें अंतर है। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते कि ऐसी घटनाएं हों या कुछ गलतफहमियां पैदा हों। हम यहां फूट डालो और राज करो की नीति नहीं अपना रहे हैं। हमने ओडिशा, बिहार और राजस्थान की राज्य सरकारों से संपर्क किया है। मुख्यमंत्री के अनुसार, अन्य राज्यों में प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा की देखभाल के लिए बंगाल सरकार ने एक समिति भी गठित की है। पार्टी के राज्यसभा सांसद समीरुल इस्लाम इस समिति के प्रभारी हैं। उनकी रिपोर्ट के आधार पर ममता बनर्जी ने भाजपा शासित राज्य में बंगाल के प्रवासी श्रमिकों पर हो रहे अत्याचारों के बारे में बात की।

**❑ मुर्शिदाबाद पहुंचते ही मुख्यमंत्री ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों का किया दौरा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को मुर्शिदाबाद पहुंचने पर व्यक्तिगत रूप से विभिन्न सरकारी कार्यालयों का दौरा किया। उन्होंने वहां कर्मचारियों से बात की। इस अवसर पर मुख्य सचिव मनोज पंत एवं जिलाधिकारी उपस्थित थे। इस दिन, ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद के मुख्य सचिव और जिला मजिस्ट्रेट के साथ कई सरकारी कार्यालयों का दौरा किया। वहां के कर्मचारियों से बात किया। इस दौरान, उन्होंने जानना चाहा कि क्या कुछ ठीक से काम नहीं कर रहा है। बता दें कि आज मुख्यमंत्री प्रभावित लोगों के साथ खड़े होने के लिए धुलियान, शमशेरगंज जाएंगे। उनसे बात करेंगी। उनकी समस्याओं को सुनेंगी। ममता प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उन मुद्दों पर चर्चा करेंगी। इसके बाद, उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करने के लिए सुति छावनी मैदान में एक जनसभा होगी। बैठक में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा।

---

**❑ 'पाकिस्तान में कैद बीएसएफ जवान को जल्द लाया जाए वापस', ममता की केंद्र से अपील**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी सोमवार को केंद्र सरकार से अपील की कि पाकिस्तान से बीएसएफ जवान को जल्द से जल्द वापस लाया जाए। इस दिन, हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले के दौरे पर रवाना होते समय ममता ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि यह बहुत ही दुख की बात है कि मिस्टर साव पाकिस्तान के कब्जे में हैं। उनके परिवार के साथ हमारी पार्टी के स्थानीय सांसद कल्याण बनर्जी लगातार संपर्क में हैं। हमारी सरकार भी परिवार के संपर्क में है। हम चाहते हैं कि साव को जल्द से जल्द वापस लाया जाए।

## नदिया में आईपीएल सट्टेबाजी गिरोह का एक सरगना गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी गिरोह के एक सरगना को गिरफ्तार किया गया है। नदिया जिले के ताहेरपुर थाने की पुलिस ने आईपीएल सट्टेबाजी गिरोह के मास्टरमाइंड अजीत बिस्वास को गिरफ्तार किया है। बता दें कि गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ ताहेरपुर थाने में कई शिकायतें दर्ज की गई थीं। इसके बाद, गिरोह का सरगना छिपा हुआ था। गत रविवार की रात को की गई विशेष छापेमारी में उसे ताहेरपुर थाना अंतर्गत टकसाली इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अजीत बिस्वास आईपीएल सट्टेबाजी गिरोह का मुख्य सरगना है। पुलिस ने संदिग्ध के पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए।

## ममता के मुर्शिदाबाद दौरे पर दिलीप घोष ने उठाए सवाल, बोले... 'पहले क्यों नहीं गईं?'



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रस्तावित मुर्शिदाबाद दौरे को लेकर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। भाजपा नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने ममता बनर्जी पर मुर्शिदाबाद हिंसा में हिंदू पीड़ितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। घोष ने कहा कि ममता को हिंसा प्रभावित इलाकों में पहले ही जाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने इमामों के साथ बैठकें और मंदिरों के उद्घाटन को प्राथमिकता दी। दिलीप घोष ने ममता बनर्जी की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि ममता बनर्जी को मुर्शिदाबाद पहले ही जाना चाहिए था। वह क्यों नहीं गईं? उन्होंने इमामों को बुलाया, बैठकें कीं, उनकी प्रशंसा की और मंदिरों का उद्घाटन किया, लेकिन वह उन जगहों पर कभी नहीं गईं जहां हिंदू पीड़ित थे। मुर्शिदाबाद और मालदा में हिंदुओं को बार-बार उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उनके घर नष्ट कर दिए गए, संपत्ति जला दी गई और उन्हें वहां से पलायन करना पड़ा। ममता ने इसके बारे में कभी कुछ नहीं कहा। अब वह इतनी देर से जा रही हैं कि सारे सबूत मिटा दिए जाएंगे और वहां कुछ भी नहीं बचेगा। उन्हें वहां पहले ही जाना चाहिए था। वह क्यों नहीं गई?

# हाई कोर्ट ने कोलकाता में 'रूफटॉप' रेस्तरां के ध्वस्तीकरण पर लगाई अंतरिम रोक



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को यहां एक आलीशान छत वाले रेस्तरां के मालिक को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया, जिससे कोलकाता नगर निगम (केएमसी) द्वारा शुरू की गई आगे की विध्वंस गतिविधियों पर रोक लग गई। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि 29 अप्रैल को मध्य कोलकाता में होटल में आग लगने के कुछ दिन बाद 2 और 3 मई को पार्क स्ट्रीट रेस्तरां में विध्वंस का काम किया गया था। न्यायमूर्ति गौरांग कंठ ने केएमसी को गुरुवार तक छत वाले रेस्तरां में और अधिक विध्वंस रोकने का निर्देश दिया, जब विध्वंस को चुनौती देने वाली याचिका पर फिर से सुनवाई होगी। अदालत ने केएमसी से अगली सुनवाई की तारीख के दौरान वह कानूनी प्रावधान पेश करने को कहा, जिसके तहत विध्वंस शुरू किया गया था। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मालिक को केवल काम रोकने का नोटिस जारी किया गया था, फिर भी विध्वंस किया गया। वकील ने आगे कहा कि रेस्तरां के पास वैध अग्नि और व्यापार लाइसेंस हैं और छत पर बने ढांचे के नियमितीकरण के लिए एक आवेदन वर्तमान में केएमसी के पास लंबित है। उन्होंने विध्वंस रोकने के लिए अंतरिम आदेश का अनुरोध किया। याचिका की सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति कंठ ने कहा कि छत पर बना रेस्तरां एक अवैध संरचना प्रतीत होती है, क्योंकि मालिक ने संरचना के नियमितीकरण के लिए कहा था। हालांकि, अदालत ने कहा कि वह इस बात से सहमत है कि याचिकाकर्ता के वकील द्वारा बताए गए कार्य-रोक नोटिस के आधार पर विध्वंस नहीं किया जा सकता है।

## ऊपर भगवान और उसके बाद कोर्ट है : फिरहाद हकीम

ऊपर भगवान हैं और फिर कोर्ट। मैं तो बस एक अदना सा मेयर हूं, बहुत नीचे। कोर्ट जो भी अच्छा समझेगा वही होगा, मुझे इस बारे में कुछ नहीं कहना है। उक्त बात सोमवार को मंत्री व कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने कही। मेयर ने उक्त बात तब कही जब कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके में एक 'रूफटॉप' रेस्तरां को गिराए जाने के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय में मामला दायर किया गया है।

# बेटी होने के कारण नवजात को कुएं में फेंककर हत्या की कोशिश, पिता गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के धुबुलिया के बेलपुकुर कॉलोनी इलाके में एक दंपति पर बेटी होने के कारण नवजात को कुएं में फेंककर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम नित्यानंद दत्ता है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नित्यानंद पेशे से टोटो चालक है। उसकी पहली पत्नी से एक बेटा है। आरोप है कि वह शराब के नशे में लगभग हर दिन अपनी पत्नी से मारपीट करता था। यातना सहन न कर पाने के कारण पहली पत्नी अपने बेटे को लेकर अपने पिता के घर चली गई। इसके बाद, नित्यानंद दत्ता माया राय नामक एक विवाहित महिला को अपने घर ले आया और वहीं रहने लगे। महिला के पहले विवाह से दो बेटे हैं। बाद में, दो और बेटियां पैदा हुईं। रविवार के तड़के घर पर ही एक और बेटी का जन्म हुआ। कथित तौर पर, बेटी होने के कारण उन्होंने नवजात को कपड़े में लपेटा और घर के पीछे एक कुएं में फेंक दिया। सुबह उस व्यक्ति ने अपनी भाभी को बताया कि उसने नवजात शिशु को कुएं में फेंक दिया था, क्योंकि वह लड़की थी। मामले का पता चलते ही परिजनों और पड़ोसियों ने नवजात को कुएं से बाहर निकाला। खबर मिलते ही आशा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने बच्चे के इलाज की व्यवस्था की। बच्चे का फिलहाल कृष्णानगर सदर अस्प-ताल में इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर धुबुलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। स्थानीय लोग आरोपियों को सजा देने की मांग को लेकर मुखर हैं।

## एनसीडब्ल्यू ने मुर्शिदाबाद दंगा पीड़ितों की पत्नियों के उत्पीड़न आरोपों पर डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने मुर्शिदाबाद जिले में हाल ही में सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए दो लोगों की पत्नियों द्वारा भेजे गए एक पत्र का संज्ञान लिया है, जिसमें उन्होंने पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। आयोग ने कहा कि उसे क्षेत्र में सांप्रदायिक झड़पों के दौरान मारे गए हरगोबिंद दास और चंदन दास की पत्नियों से 'दिल दहला देने वाली याचिका' मिली है। एनसीडब्ल्यू के बयान के अनुसार, महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें सुरक्षा दिए जाने के बजाय, धमकाया जा रहा है और एक राजनीतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दबाव डाला जा रहा है। बयान में कहा गया कि महिलाएं कहीं छिपकर रह रही हैं। पत्र में, एक घटना का विवरण दिया गया है, जिसमें पुलिस अधिकारियों के एक समूह ने कोलकाता में उनके अस्थायी आश्रय में घुसकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया तथा बिना किसी कानूनी दस्ता-वेज या महिला कर्मियों की उपस्थिति के उन्हें हिरासत में लेने का प्रयास किया। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि आयोग ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को पत्र लिखकर तत्काल रिपोर्ट मांगी है और इसमें शामिल पुलिस कर्मियों के आचरण पर स्पष्टीकरण मांगा है। आयोग ने शिकायत में नामित अधिकारियों को नौ मई को नयी दिल्ली में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए तलब किया है।

# भाजपा की अहम बैठक में सभी को बुलावा, लेकिन नहीं मिला दिलीप घोष को न्योता

## क्या होने वाला है बड़ा फैसला?



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल भाजपा की राजनीति में एक बार फिर दिलीप घोष को लेकर चर्चा गरमा गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेत-ाओं की मंगलवार को सॉल्टलेक स्थित भाजपा कार्यालय में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक में सभी प्रमुख नेताओं को आमंत्रित किया गया है, लेकिन दिलीप घोष को इसमें नहीं बुलाया गया। इससे पार्टी के भीतर एक बड़े फैसले की अटकलें तेज हो गई हैं।

इस बैठक में भाजपा के राज्य प्रभारी सुनील बंसल, सह प्रभारी अमित मालवीय और प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के साथ-साथ वरिष्ठ नेता अग्निमित्रा पॉल, लॉकेट चटर्जी और सभी महासचिवों को बुलाया गया है। पार्टी ने इस बार पारंपरिक ढांचे से हटकर कुछ वरिष्ठ नेताओं को भी बैठक में आमंत्रित किया है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के प्रमुख नेता दिलीप घोष को न्योता नहीं मिला।

सूत्रों के अनुसार, हाल ही में दीघा के जगन्नाथ मंदिर दौरे और उसके बाद दिए गए बयानों को लेकर पार्टी में दिलीप घोष को लेकर असंतोष बढ़ा है। कई भाजपा नेताओं से उनके खुले टकराव और लगातार विवादित टिप्पणियों ने पार्टी के भीतर चिंता की लकीर खींच दी है। दिलीप घोष ने हाल ही में सार्वजनिक रूप से कई नेताओं पर निशाना साधते हुए नकाब उतारने की चेतावनी दी थी, जिससे भाजपा के आंतरिक कलह और गुटबाजी खुलकर सामने आ गई।

इस पृष्ठभूमि में हो रही यह बैठक सिर्फ सामान्य संगठनात्मक मुद्दों तक सीमित नहीं रहने वाली। जानकारों का मानना है कि दिलीप घोष को लेकर कोई ठोस और निर्णायक कदम उठाया जा सकता है।

अब सभी की निगाहें मंगलवार की बैठक पर टिकी हैं – क्या भाजपा दिलीप घोष के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी, या उन्हें पार्टी के भीतर अलग-थलग कर कोई नई रणनीति अपनाई जाएगी, यह देखने की बात होगी।

## नोदाखाली में 50 रुपए के मांस के लिए विवाद, खरीददार ने विक्रेता की हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा**

50 रुपए के मांस के लिए हुए विवाद में खरीददार ने विक्रेता की हत्या कर दी। इस घटना से दक्षिण 24 परगना के नोदाखाली थाना अंतर्गत रानिया के विदिरा में काफी उत्तेजना का माहौल है। मृतक की पहचान शेख अब्दुल के रूप में की गई है। मृतक के परिजन आरोपी के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की हैं।

बताया गया है कि शेख अब्दुल अपनी साइकिल पर एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में घूमकर मांस बेचता था। सोमवार को वह मांस बेचने के लिए बिदिरा इलाके में गया था। आरोपी अंसुर के परिवार के सदस्य मांस खरीदने के लिए उसके पास गए। सूत्रों का कहना है कि वे 50 रुपये का मांस चाहते थे। लेकिन, अब्दुल ने कहा कि वह मुझे 50 रुपये का मांस नहीं दे सकता। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। एक समय पर अशांति अपने चरम पर पहुंच गई। अब्दुल और अंसूर हाथापाई में उतर गए। अब्दुल गंभीर रूप से घायल हो गया। अब्दुल को लहूलुहान हालत में मुचिशा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, उसके परिवार ने नोदाखली थाने में हत्या की शिकायत दर्ज कराई। शव को पहले ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का असली कारण स्पष्ट हो सकेगा। जांचकर्ताओं ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# नागालैंड के फर्जी पते पर हथियार का लाइसेंस, शेख शाहजहां पर गंभीर आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** संदेश-खाली कांड में पहले से ही जेल में बंद शेख शाहजहां को लेकर सीबीआई ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। जांच एजेंसी का दावा है कि शाहजहां ने नागालैंड के फर्जी पते दिखाकर हथियारों के वैध लाइसेंस हासिल किए और उन लाइसेंस के दम पर असली हथियार भी खरीदे। सीबीआई ने जानकारी दी है कि शाहजहां ने नागालैंड के चार अलग-अलग फर्जी पते के आधार पर अपने नाम चार हथियारों के लाइसेंस बनवाए। यही नहीं, उसने अपने भाई आलमगीर के नाम पर तीन और अपने बॉडीगार्ड के नाम पर दो हथियारों के लाइसेंस भी इसी तरह बनवाए। आरोप है कि हर एक हथियार का लाइसेंस बनवाने में शाहजहां लगभग 15 लाख रुपये खर्च करता था। उल्लेखनीय है कि संदेशखाली में जमीन घोटाला और राशन वितरण घोटाले में शेख शाहजहां पहले ही ईडी और सीबीआई की गिरफ्त में है। पिछले साल अप्रैल में शाहजहां के करीबी अबू तालिब के घर से हथियार बरामद हुए थे। तब नागालैंड से जारी चार लाइसेंस भी मिले थे। सीबीआई का कहना है कि इन लाइसेंसों के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था। जांच में यह भी सामने आया है कि शाहजहां ने बड़ी संख्या में अवैध हथियार जमा कर रखे थे। इन हथियारों को वैध दिखाने और जांच से बचाने के लिए उसने फर्जी पते के जरिए हथियारों के लाइसेंस बनवाए। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि शाहजहां अपने नजदीकी लोगों के नाम पर भी हथियारों के लाइसेंस बनवाकर अवैध तरीके से हथियार इकट्ठा करता था। सीबीआई इस पूरे मामले में लगातार जांच कर रही है और इस बात की भी पड़ताल की जा रही है कि आखिर नागालैंड में बैठे अफसरों की मिलीभगत के बिना यह बड़ा खेल कैसे संभव हुआ।


**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना जीईएम बोली संख्या जीईएम/2025/बी/6194683, दिनांक: 03.05.2025**, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/लोको, पूर्वी रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए जीईएम पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा हेतु निविदा सूचना: **निविदा संख्या: जीईएम बोली सं. जीईएम/2025/बी/6194683, विवरण:** "स्थानीय 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए मासिक आधार पर कैब एवं टैक्सी किराये की सेवाएं-एसयूवी 2000 किमी x 320 घंटे"। **निविदा मूल्य:** जीएसटी सहित रु.17,42,400.00, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 13.05.2025, 13:30 बजे। **अनुबंध अवधि:** 03 (तीन) वर्ष। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट: जीईएम पोर्टल से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर जीईएम पोर्टल के माध्यम से ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। इस निविदा के लिए मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है एवं यदि कोई मैन्युअल ऑफ़र प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(MISC-46/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**CHANGE OF NAME**

I, Labani Chakraborty Roy wife of Army No.18008272K, Rank- Hav Name- Arindam Roy residing at Vill- Debagram, P.O. Debagram, P.S. Kaliganj, Dist.- Nadia, W.B., 741137, I have changed my Name from Labani Roy to Labani Chakraborty Roy by Vide affidavit before the Notary Public (Govt. of West Bengal ) Stephan Mondol at Krishnagar, Nadia dated-21.03.2025. that Labani Roy and Labani Chakraborty Roy both are same and one identical person.



**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच कॉन - टीआरडी - 170 - 2025 - एनआईटी दिनांक : 01.05.2025.** उप मुख्य विद्युत अभियंता/कॉन, पूर्वी रेलवे, हावड़ा, 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, साझेदारी फर्मों आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता और पर्याप्त अनुभव के साथ खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-कॉन-टीआरडी-170-2025; कार्य का नाम :** "पूर्वी रेलवे के हावड़ा डिवीजन में साइडिंग और लोको शेड के विद्युतीकरण के संबंध में 25 केवी एसी सिंगल फेज ओवरहेड उपकरण, एलटी आपूर्ति ट्रांसफार्मर आदि का डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग"; **निविदा मूल्य :** रु. 8,96,13,984.56; **निविदा दस्तावेज़ की लागत:** शून्य; **बयाना राशि:** रु. 5,98,100.00; **पूर्णता अवधि : 0 4** (चार माह); **समापन की तिथि एवं समय :** 28.05.2025 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं और निविदा के लिए ऊपर बताए गए समय एवं तिथि से पहले "निविदा दस्तावेज की लागत" एवं "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद **www.ireps.gov.in** पर बोलियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। सभी तरह से पूर्ण निविदाएं और ऊपर बताए गए सभी दस्तावेजों के साथ इस निविदा के लिए **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। इस निविदा के लिए मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैन्युअल ऑफ़र प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) तथा अन्य मूलभूत जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। यह निविदा सूचना **उप मुख्य विद्युत अभियंता/कॉन, 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101** के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।

(CON-08/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.-75-2025, दिनांक: 01/05/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर खंड के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक नवीकरण कार्यों के संबंध में सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ 52 किग्रा/60 किग्रा/90 यूटीएस रेल इन-सीटू की वेल्डिंग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹1,21,78,696/- **बयाना राशि:** ₹ 2,10,900/- **समापन अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक:** 27.05.2025 **निविदा खुलने का खुलने समय 15.15 बजे तिथि:** 27.05.2025. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)

प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**पूर्व रेलवे**

**सं.ओएच/2/1/जनरल.दिनांक:01.05.2025** सीनियर डिविजनल इंजीनियर/सी, पूर्वी रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनमें सिंचाई / सीपीडब्ल्यूडी / एसईबी / एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पंजीकृत निविदाकार भी शामिल हैं: **वरिष्ठ मंडल अभियंता / सी / एचडब्ल्यूएच के अधीन। क्रम सं.: ई निविदा संख्या: (1); 14_2025-26; कार्य का विवरण:** हावड़ा डिवीजन: सीटीआर (पी) -15.292 टीकेएम स्थान बल्ली - बैण्डेल जंक्शन यूपी -2 19.418 - 21 = 1.582 किमी, कटवा जंक्शन - अजीमगंज जंक्शन यूपी 108.600-122.310= 13.710 किमी, कुल सीटीआर (पी)-15.292 टीकेएम और टीएसआर (पी) - 24.418 टीकेएम स्थान बैण्डेल जंक्शन - शक्तिगढ़ - रेव एमएल 47.327-55 = 7.673 किमी, बल्ली - शक्तिगढ़ डीएन -1 29-33 = 4 किमी, यूपी -1 22-27 = 5 किमी, यूपी -1 33.305-37 = 3.695 माइक्रोन, खाना जंक्शन - सैंथिया डीएन 58-62.050 = ठेकेदार के स्वयं के पीक्यूआरएस पोर्टल (2 संख्या) और गैन्ट्री द्वारा 4.050 किमी। **अनुमानित लागत:** रु. 9,39,85,210.07; **बयाना राशि:** रु. 6,19,900.00 ; **निविदा फॉर्म की लागत:** शून्य; **पूर्णता अवधि :** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय : 23.05.2025, 14.00 बजे।** यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि को किसी कारणवश अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन की तिथि में परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद कोई प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदाएं अगले कार्य दिवस पर खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रस्तुत करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान** - ई. टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि जमा [ईएमडी] और निविदा दस्तावेज लागत [टीडीसी] का भुगतान केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-64/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/चक्रधरपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी, समापन अवधि: (1) सीकेपी-डी-632/एससीएडीए-I/एएमसी; दिनांक 02.05.2025;** तीन (03) वर्षों के लिए चक्रधरपुर मंडल के सालगाझरी-झारसुगुड़ा एवं राजखरसावाँ-डंगोवापोसी अनुभागों के 35 अदद आरटीयू सहित एससीएडीए-I प्रणाली के वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) के साथ टीईएमएस एवं टीडीएमएस संबंधित क्रियाकलाप; रु. 1,03,83,712; रु. 2,01,900; 36 महीने। **(2) सीकेपी.डी.648/एससीएडीए/एएमसी; दिनांक 02.05.2025;** चार वर्षों के लिए चक्रधरपुर मंडल में विभिन्न टीएसएस में स्थापित आरटीयू के साथ ऊर्जा वार्षिक प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) के लिए आरसीसी/चक्रधरपुर में एएसएचआईडीए निर्मित एससीएडीए प्रणाली का वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी); रु. 84,44,064; रु. 1,68,900; 48 महीने। **(3) सीकेपी.डी.800/मॉस्ट-लीनिंग; दिनांक 02.05.2025;** चक्रधरपुर मंडल के तहत झूके हुए मॉस्ट स्थलों के सुधार हेतु शेष बचा हुआ कार्य; रु. 51,58,267.25; रु. 1,03,200/-; 6 महीने। **(4) सीकेपी-डी-681-एनएस-केजेडयू-एमआईके; दिनांक 02.05.2025;** चक्रधरपुर मंडल में कुनकी-मनीकुल डाउन लाइन के वर्तमान न्यूट्रल सेक्शन का लोकेशन सं. 384/225 से 384/30एस तक स्थानांतरण; रु. 52,66,159.96; रु. 1,05,300/-; 6 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 26.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 26.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। **ई-निविदा खुलने का स्थान:** प्रत्येक के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/दक्षिण पूर्व रेलवे। ई-निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।**(PR-114)**



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/667, दिनांक: 02.05.2025.** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्वी रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा- 711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3421; कार्य का नाम:** हावड़ा डिवीजन में आरपीएच-डीयूएमके शाखा में रामपुरहाट-अदलपहाड़ी स्टेशन के बीच किमी 109/7-8 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 29/ई के बदले में सीमित ऊंचाई वाले सबवे के निर्माण के संबंध में इलेक्ट्रिकल (जी) कार्य। **निविदा मूल्य (रु.) :** 7,11,659.00; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा) (रु.) :** 14,200.00; **समापन अवधि :** 180 दिन; **समापन तिथि एवं समय :** 23.05.2025 को 15:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण नोटिस में उल्लिखित समापन तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि IREPS की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ निविदा की समापन तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन पर खोली जाएँगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

(HWH-67/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 05/ईटी/2025-26 दिनांक: 30.04.2025**

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 06241116 | सप्लाई एन्ड अपलीकेशन आफॅ स्टीकर फॉर ब्लू कलर बान्ड साइज 100 एमएम | 1279 सेट | 26.05.2025 |
| 02 | 05251040 | सप्लाई, इंस्टालेशन टेस्टिंग एन्ड कमीशिनिंग आफ आटोमेटिक स्मोकिंग / फयर डिटेक्शन विद अलर्म सिस्टम फॉर नॉन एयर कन्डीशन मेमू रैकस | 2 सेट | 15.05.2025 |
| 03 | 12241381 | सेट ऑफ कन्ट्रोल अलार्म सपोॅट लेफ्ट एन्ड राइट फॉर एलएचबी बोगी | 1017 सेट | 10.06.2025 |
| 04 | 12241374 | सेट ऑफ डोम सीयूएम एयर रिजर्वियर असेम्बली फॉर एयर स्प्रिंग बोगी | 800 सेट | 18.06.2025 |
| 05 | 11251060 | फ्रेम अपर पार्ट फॉर वाटर टैंक फॉर एलएचबी कोचेज | 894 नग | 27.05.2025 |
| 06 | 11241389 | एसएस ट्रॉफ असेम्बली फॉर एलडब्लूएससीएन कोचेज | 376 सेट | 17.06.2025 |
| 07 | 11241422 | एसएस ट्रॉफ असेम्बली फॉर एलडब्लूएलआरआरएम कोचेज | 180 सेट | 23.05.2025 |
| 08 | 03251251 | सेट ऑफ लेवोटरी मोड्यूल फॉर एलएचबी एसी2टी एंड एसी3टी कोचेज | 481 सेट | 29.05.2025 |

**Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in (Dy. CMM/HQ&Bogie)**

**ई-निविदा सूचना सं० 08/2025-26 (खुली)/उमुई।/एमसीएफ / आरबीएल**

उप मुख्य इंजीनियर-।/ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्रम सं: 1-कार्य का नाम :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के विभिन्न शॉप की रूफ शीट पर टर्बो वेंटीलेटर की मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। **निविदा सं० :** 13/2025-26, **अनुमानित लागत ₹ :** ₹ 32,90,201.95, **निविदा खुलने की तिथि :** 22.05.2025, **कार्य समापन की अवधि :** 06 माह, निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल /संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

**उप मुख्य इंजीनियर-। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई-निविदा सूचना सं: इलेक्ट-पीएस-20583 दिनांक: 30.04.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/(पीएस)/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु योग्य निविदाकारो से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **विवरण:-1. कार्य का नाम :** -एमसीएफ/आरबीएल के विभिन्न भवनों पर रूफ टॉप सोलर फोटोवोल्टिक आधारित 1050 के KWp सोलर संयंत्र का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। **2. कार्य स्थल :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, जिला-रायबरेली। **3. अनुमानित लागत :** ₹ 4,44,32,627.50 (₹ चार करोड़ चौवालीस लाख बत्तीस हजार छह सौ सत्ताईस रूपये और पचास पैसे मात्र) **4. अमानत राशि :** ₹ 3,72,200.00 (₹ तीन लाख बहत्तर हजार दो सौ मात्र)। **5. कार्य समाप्ति की अवधि :** 06 (छह) माह, **6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 22.05.2025, 15:00 बजे। **7. अन्य शर्तें** अन्य विवरण एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पानीहाटी और खड़दह में डायरिया का प्रकोप, 60 से अधिक लोग बीमार

❑ पीने के पानी की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**कोलकाता :** पानीहाटी, खड़दह और टिटागढ़ इलाकों में डायरिया का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। बीते तीन दिनों में पेट की बीमारी के लक्षण लेकर लगभग 60 से 65 लोग अस्पतालों में भर्ती हुए हैं। इनमें से अधिकांश मरीजों का इलाज खड़दह के बलराम सेवा मंदिर अस्पताल में चल रहा है। इस स्थिति ने स्थानीय निवासियों में भारी चिंता और भय का माहौल पैदा कर दिया है।



जानकारी के अनुसार, लगातार तापमान में उतार-चढ़ाव और हाल की बारिश के चलते स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। टिटागढ़ नगर पालिका क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में बड़ी संख्या में लोग डायरिया की चपेट में आए हैं। पानीहाटी नगर पालिका के चेयरमैन सोमनाथ डे ने बताया कि उनके क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 में एक व्यक्ति डायरिया से पीड़ित पाया गया है। वहीं खड़दह नगर पालिका के चेयरमैन नीलू सरकार ने कहा कि उनके क्षेत्र में तीन मरीज डायरिया से ग्रस्त हैं।

स्थानीय लोगों और विशेषज्ञों का मानना है कि डायरिया फैलने का मुख्य कारण टिटागढ़ और आस-पास के इलाकों में पीने के पानी की गुणवत्ता में गिरावट है। बलराम अस्पताल में भर्ती मरीजों में खड़दह तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्येंदु चौधुरी की मां भी शामिल हैं। शनिवार रात अस्पताल के सुरक्षा गार्ड तरुण बाग और उनकी मां को भी गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। तरुण की हालत बिगड़ने पर उन्हें बेलघाटा आईडी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया।

पीड़ितों में बलराम अस्पताल के बाल विभाग के एक डॉक्टर समेत कई अन्य लोग भी शामिल हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीने के पानी के नमूने एकत्र कर परीक्षण के लिए भेज दिए गए हैं। नगरपालिका की ओर से आश्वासन दिया गया है कि घबराने की जरूरत नहीं है - पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार और बुधवार को प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप भी आयोजित किए जाएंगे।

स्थानीय प्रशासन की ओर से सतर्कता बरतने और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन इस घटना ने साफ कर दिया है कि पीने के पानी की व्यवस्था में तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

# अभिषेक बनर्जी के वकील ने जवाब देने के लिए हाई कोर्ट से मांगा समय

### डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम पर भाजपा ने कोर्ट में दायर किया हैं मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव परिणामों के संबंध में भाजपा उम्मीदवार अभिजीत दास (बॉबी) ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में मामला दायर किया था। डायमंड हार्बर के सांसद व तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के वकील ने मामले में अपना बयान पेश करने के लिए सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय से समय मांगा। मामले की अगली सुनवाई 10 जून को होगी। उससे पहले अभिषेक को इस संबंध में कोर्ट में लिखित बयान देना होगा। उल्लेखनीय है कि तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने



2024 के लोकसभा चुनाव में डायमंड हार्बर में भारी अंतर से जीत हासिल की। उन्हें 10,048,230 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अभिजीत दास को 3,37,300 वोट मिले। अभिषेक करीब 7.11 लाख वोटों से जीते थे। सीपीएम उम्मीदवार प्रतीक उर रहमान को 86,954 वोट मिले। चुनाव के बाद से ही भाजपा नतीजों पर सवाल उठाते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया। भाजपा उम्मीदवार ने अदालत में शिकायत की कि डायमंड हार्बर में लोकसभा चुनाव के नाम पर तमाशा किया गया है। अभिषेक वोटों में हेराफेरी करके जीते हैं। उस मामले में न्यायमूर्ति सुगाता मजूमदार ने पहले संबंधित केंद्र से सभी चुनाव दस्तावेजों या सूचनाओं को सुरक्षित रखने का आदेश दिया था। करीब एक साल बाद अब यह मामला सुनवाई के चरण में पहुंच गया है, जिससे राज्य की राजनीति में नई हलचल मच गई है।

## निसान इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 में दर्ज की सर्वाधिक वार्षिक बिक्री

**कोलकाता, समाज्ञा :** निसान मोटर इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 में 99,000 से अधिक कारों की कंसोलिडेटेड बिक्री दर्ज कर बीते सात वर्षों का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि का श्रेय मुख्य रूप से नई निसान मैग्नाइट को जाता है, जिसने घरेलू बाजार में 28,000 और निर्यात में 71,000 यूनिट्स से अधिक की बिक्री की। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि वह भारत में बनी रहेगी और भविष्य की योजनाओं को यथावत लागू करेगी। 'वन कार, वन वर्ल्ड' रणनीति के तहत मैग्नाइट को 65 से अधिक देशों में निर्यात किया गया है। ग्लोबल टर्नअराउंड एक्शन के तहत निसान ने चेन्नई प्लांट में अपनी हिस्सेदारी अलायंस पार्टनर को बेचने का निर्णय लिया है। आगामी वर्षों में कंपनी 7-सीटर बी-एमपीवी और 5-सीटर सी-एसयूवी लॉन्च करेगी। अप्रैल 2025 से नई मैग्नाइट की कीमतों में 3% की बढ़ोतरी की गई है।

## बरहमपुर में पूर्व युवा तृणमूल अध्यक्ष की पिटाई के बाद हवाई फायरिंग, इलाके में तनाव

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बरहमपुर में रविवार की देर रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई। आरोप है कि पूर्व युवा तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और उनके दोस्तों के साथ मारपीट की गई और हमलावरों ने कई राउंड हवाई फायरिंग भी की। इस घटना के बाद मदुपुर इलाके में भारी तनाव फैल गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मिठू जैन नामक व्यवसायी, जो पूर्व में तृणमूल कांग्रेस के युवा अध्यक्ष भी रह चुके हैं, रविवार की रात अपने घर के पास के एक क्लब में बैठे थे। उसी दौरान कुछ अज्ञात हमलावर बाइक से पहुंचे और अचानक हवाई फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद, मिठू जैन के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके एक दोस्त को भी चोटें आईं।



मुठभेड़ के दौरान स्थानीय लोग मौके पर पहुंचते ही हमलावर फरार हो गए। जैन के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और कई टांके लगे हैं। आरोप है कि हमलावर स्थानीय युवक थे, हालांकि हमले के पीछे का कारण अभी साफ नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही बरहमपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। इस घटना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है।

# बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा से 3.38 करोड़ के मादक पदार्थ किया जब्त

❑ मुर्शिदाबाद में अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए तस्करी की बड़ी कोशिश को जवानों ने किया नाकाम

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ की 71वीं वाहिनी की सीमा चौकी खंडुआ के जवानों ने सोमवार तड़के मादक पदार्थों की तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल एक किलोग्राम से अधिक वजन के प्रतिबंधित मेथाक्वालोन और 100 ग्राम हेरोइन की खेप जब्त की। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर मुख्यालय द्वारा एक बयान में बताया गया कि जब्त मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत करीब 3.38 करोड़ रुपये है। इसमें मेथाक्वालोन की कीमत 3.18 करोड़ और 100 ग्राम



हेरोइन की कीमत 20 लाख रुपये आंकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि तस्कर मेथाक्वालोन व हेरोइन की खेप को भारत से बांग्लादेश में तस्करी की फिराक में थे। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी व डीआइजी एनके पांडेय ने बताया कि जवानों ने रात्रि लगभग 2.30 बजे अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास डोमिनेशन लाइन के पीछे दो संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों को देखा। जवानों ने तुरंत उन्हें रुकने की चेतावनी दी और उनका पीछा किया लेकिन दोनों व्यक्ति अंधेरे व नजदीकी घरों का फायदा उठाकर तेजी से नजदीकी गांव अट्रोसिया की ओर भागने में सफल रहे। इसके बाद बीएसएफ जवानों ने इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान प्लास्टिक का एक बैग बरामद हुआ, जिसमें से दो पैकेट मिले, जो भूरे रंग की टेप से लिपटे हुए थे। बरामद पैकेटों को जब्त कर परीक्षण के लिए भेजा गया। जिसमें संदिग्ध पाउडरों के हेरोइन और मेथाक्वालोन होने की पुष्टि हुई। जब्त मादक पदार्थों को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है।

## बंधन बैंक का कारोबार 11% बढ़कर 2.88 लाख करोड़ पहुंचा, चौथी तिमाही में शानदार प्रदर्शन




**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा करते हुए बताया कि बैंक का कुल कारोबार 11% की वृद्धि के साथ 2.88 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। बैंक की डिपॉजिट बुक 1.51 लाख करोड़ हो गई, जबकि कुल अग्रिम 1.37 लाख करोड़ तक पहुंच गया। इस तिमाही में सालाना आधार पर जमा राशि में 12% की वृद्धि दर्ज की गई। रिटेल जमा का योगदान 69% रहा और सीएएसए अनुपात 31.4% बना रहा। बैंक का शुद्ध लाभ 2,745 करोड़ रहा और पूंजी पर्याप्तता अनुपात 18.7% पर बना रहा, जो नियामक मानकों से कहीं अधिक है। देशभर में बैंक 6,300 से अधिक आउटलेट्स के माध्यम से 3.15 करोड़ ग्राहकों को सेवा दे रहा है। बैंक के एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने बताया कि 'बंधन बैंक 2.0' के तहत डिजिटल विस्तार, परिसंपत्ति विविधीकरण और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

## उल्टाडांगा फ्लाईओवर पर सड़क दुर्घटना में दो लोगो की मौत, दो घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर कोलकाता में फिर दो लोग तेज रफ्तार की बलि चढ़ गए। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह उल्टाडांगा फ्लाईओवर पर दो बाइक सवारों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक बाइक पर चार लोग सवार थे। इस दिन, सुबह करीब 5:42 बजे एक बाइक अनियंत्रित गति से उल्टाडांगा से दमदम हवाई अड्डे की ओर जा रही थी। इस बीच, तेज गति के कारण बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और फ्लाईओवर की रेलिंग से टकराकर पलट गई। पता चला है कि किसी भी बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहना था। टक्कर के कारण चार लोग सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों ने तुरंत उन्हें बचाया और पास के अस्पताल




ले गए। लेकिन, अस्पताल ले जाते समय दो लोगों की मौत हो गई। शेष दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने प्रारम्भ में कहा है कि दुर्घटना तेज गति के कारण हुई। दुर्घटना के कारण उल्टाडांगा फ्लाईओवर पर अस्थायी रूप से यातायात जाम हो गया। हालांकि, चूंकि यह घटना सुबह-सुबह हुई थी, इसलिए कोई समस्या नहीं हुई।

## लगभग सात दिनों तक लापता रहने के बाद दो पर्यटन कर्मियों के शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** लगभग सात दिनों तक लापता रहने के बाद अंततः जयंत सरदार और वृंदावन हलधर के क्षत-विक्षत शव बरामद कर लिए गए। बता दें कि कुछ दिन पहले अचानक आए कालबैसाखी तूफान के कारण बासंती के होगल नदी में पर्यटकों से भरी एक नाव पलट गई थी। उस समय नाव में पांच लोग सवार थे। इस दुर्घटना में तीन लोग लापता हो गए थे। बाद में, एक व्यक्ति को बरामद किया गया। लेकिन, तब से इस घटना में दो लोग लापता थे। लापता लोगों के नाम जयंत सरदार और वृंदावन हलधर था। आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मियों ने अगले दिन नदी में खोज शुरू की। गोताखोरों को भी नीचे



उतारा गया है। इसके बाद भी लापता दो लोगों का कोई सुराग नहीं मिल सका। बासंती थाना और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के निरंतर प्रयासों के कारण सोमवार की सुबह लापता नाव से एक शव बरामद किया गया। दोपहर में पुलिस नाव को किनारे पर ले आई और एक अन्य लापता व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद किया। दोनों शवों को पहले ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आम से लदी गाड़ी पलटी, मेमारी में दर्दनाक हादसा, दो की मौत

**वर्दवान :** पूर्व वर्दवान जिले के मेमारी थाना क्षेत्र के बोहार स्थित सोनाडांगा इलाके में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब आम से भरा एक मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक तालाब में जा गिरा।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग को सूचना दी। मेमारी थाना पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और राहत अभियान शुरू किया। वाहन को बाहर निकालने के बाद उसके अंदर से दो शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के रहने वाले राजाराम (29) और सुभाष (32) के रूप में हुई है। दोनों मृतक वाहन के चालक और खलासी थे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह गाड़ी उत्तर प्रदेश से माल लेकर पहले कृष्णनगर (नदिया) पहुंचा था और वहां से आम लादकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान, कलना-वर्दवान रोड पर यह हादसा हो गया। सोमवार को भी तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन किसी और शव की बरामदगी नहीं हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### अमेजन बिजनेस की ग्रेट समर सेल में बिजनेस ग्राहकों के लिए आकर्षक डील्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन बिजनेस ने अपनी ग्रेट समर सेल के तहत बिजनेस ग्राहकों के लिए 70% तक की छूट और 9,999 तक के कैशबैक वाली रोमांचक डील्स की घोषणा की है। ग्रीनसोल, बोट, जेबीएल, डायकिन, बॉश, एचपी, सैमसंग और सिम्फनी जैसे शीर्ष ब्रांड्स के लैपटॉप, टैबलेट, एसी, कूलर, फर्नीचर और इंडस्ट्रियल उत्पादों पर बड़ी छूट दी जा रही है। अमेजन बिजनेस के डायरेक्टर मित्ररंजन भादुड़ी के अनुसार, यह सेल ग्राहकों को लागत बचाने, थोक में खरीदने और जीएसटी चालान के साथ 28% तक की अतिरिक्त बचत का अवसर देती है। ग्राहक अपने ऑर्डर पर थोक डिस्काउंट, मल्टी-यूजर अकाउंट और तेज डिलीवरी का लाभ ले सकते हैं। विशेष डील्स में एसर लैपटॉप 33,990 में, वनप्लस टैब 16,999 में, और जेबीएल स्पीकर 24,999 में शामिल हैं।

### एंकर ओरल केयर ने सुभाश्री गांगुली को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** एंकर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रमुख ब्रांड एंकर ओरल केयर ने पश्चिम बंगाल में अपनी बाजार स्थिति मजबूत करते हुए प्रसिद्ध अभिनेत्री सुभाश्री गांगुली को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इस पहल के तहत कंपनी ने राज्य में दो नए प्रचार अभियान - लाल. कमाल. बेमिसाल और नए जमाने की नई सुरक्षा - शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य ब्रांड की दृश्यता बढ़ाना और हर्बल ओरल केयर समाधान के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक करना है। एंकर रेड टूथपेस्ट को केंद्र में रखकर तैयार किए गए इन अभियानों में इसके 10 आयुर्वेदिक लाभों को रेखांकित किया गया है। कंपनी अब राज्य के 35 जिलों में 6,300 से अधिक आउटलेट्स के माध्यम से 3.15 करोड़ उपभोक्ताओं को सेवा दे रही है। ब्रांड के निदेशक करण शाह और अन्य अधिकारियों ने इस रणनीतिक साझेदारी को पश्चिम बंगाल में मौखिक स्वच्छता और ब्रांड की पहुंच को सशक्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।

## डी.पी.एस. (जोका) ने जीता 'भरपाई देवी मेमोरियल कप 2025'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के दिल्ली पब्लिक स्कूल (जोका) के खेल मैदान में 2 मई को 'भरपाई देवी मेमोरियल कप 2025' अंडर-16 अंतरविद्यालयी क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला गया। चार दिवसीय इस टूर्नामेंट में कुल 12 विद्यालयों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेटर दत्तात्रेय मुखर्जी थे, जबकि बिष्णुपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक गौतम मित्रा अतिथि विशेष के रूप में उपस्थित रहे। इस अंतर्विद्यालयी कार्यक्रम के अंतिम दिन की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक पवन अग्रवाल, निदेशक दीपक प्रकाश अग्रवाल' तथा प्राचार्या ऋतुपर्णा चटर्जी' द्वारा स्वर्गीय भरपाई देवी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर हुई।

प्रथम सेमीफाइनल में फ्यूचर फाउंडेशन स्कूल ने डी.पी.एस. रूबी पार्क को हराया, जबकि द्वितीय सेमीफाइनल में मेजबान डी.पी.एस.




(जोका) ने साउथ सिटी इंटरनेशनल स्कूल को पराजित किया। फाइनल मुकाबले में फ्यूचर फाउंडेशन स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 63 रन बनाए, जिसके जवाब में डी.पी.एस. (जोका) ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर कप अपने नाम किया। मैच के दौरान डी.पी.एस. (जोका) के पूर्व छात्र व राज्य स्तरीय क्रिकेटर रोहित प्रधान भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने पहुंचे, जिन्हें विद्यालय की ओर से विशेष सम्मान दिया गया। टूर्नामेंट में ऋषित धर को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और रेवंत अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया। उपविजेता ट्रॉफी फ्यूचर फाउंडेशन स्कूल को मिली, जबकि विजेता ट्रॉफी मेजबान डी.पी.एस. (जोका) ने जीतकर गौरव बढ़ाया। इसे टूर्नामेंट का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# एकल श्रीहरि कोलकाता के 97वें श्रीहरि रथ का लोकार्पण सम्पन्न

❑ सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में सहयोग महान पुण्य का कार्य : पं. श्रीकांत शर्मा

**कोलकाता :** सुदूर ग्रामीण इलाकों में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को समर्पित 'एकल श्रीहरि कोलकाता' की ओर से विशेष रूप से निर्मित ' 97 वें एकल श्रीहरि रथ' का लोकार्पण रथ प्रदात्ता श्री राजकुमार भट्टड़ परिवार सहित अनेक गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में परम पूज्य भागवत कथाकार एवं गौ सेवक पंडित श्री श्रीकांत जी शर्मा के कर कमलों से बालीगंज स्थित ओमकार टावर में सम्पन्न हुआ। पहलगाम के आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित करने एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए हनुमान चालीसा पाठ व शंखनाद के साथ शुरू हुए इस समारोह में श्रद्धेय श्रीकांत जी शर्मा ने कहा कि श्रीहरि सत्संग समिति द्वारा सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए किये जा



रहे इस पावन कार्य से न केवल सनातन संस्कृति की रक्षा हो रही है अपितु वर्तमान परिदृश्य में यह कार्य और वृहद रुप में नितांत आवश्यक है। उन्होंने इसके विस्तार में सहभागी भट्टर परिवार सहित उन सभी को साधुवाद दिया जो अपने धन का सदुपयोग सनातन संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने में दे रहे हैं।

पं. श्री शर्मा ने ऐसे प्रयासों को और मजबूत करने हेतु समाज के धर्मनिष्ठ उदारमना लोगों से आगे आने का आह्वान किया। संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी श्री रमेश माहेश्वरी ने एकल श्रीहरि की गतिविधियों से अवगत कराते हुए बताया कि श्री राजकुमार भट्टर परिवार द्वारा संस्था को प्रदत्त यह रथ असम के सुदूर गांवों में भेजा जाएगा जहाँ बिजली पानी की सुविधा भी अब तक उपलब्ध नहीं हो पायी हैं । वहाँ रथ के माध्यम से ग्रामीण लोगों को रामायण, महाभारत सहित अन्य धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रसारण द्वारा संस्कारों और संस्कृति से जुड़े रहने एवं कुरीतियों और व्यसनों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जायेगा। श्रीहरि सतसंग समिति (कोलकाता) के सचिव श्री सुभाष मुरारका ने समारोह का भावपूर्ण संचालन करते हुए बताया कि आज समिति का लक्ष्य देश के हर गांव गली में सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के साथ ही लोगों को सुशिक्षित और आत्म-निर्भर बनाना है। श्री राजकुमार-सुनिता भट्टर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस कार्यक्रम में श्री हरि सत्संग समिति (कोलकाता) के सचिव सुभाष मुरारका, वनबंधु परिषद (कोलकाता) के अध्यक्ष किशन कुमार केजरीवाल , सचिव नीरज हाड़ोदिया सहित नटवर बंग, प्रतिभा बिनानी, रमेश माहेश्वरी, महेन्द्र अग्रवाल, आर. एन. रूस्तगी, प्रवीण अग्रवाल, रामलाल मूँधडा, सुशील धानुका, शशि पोद्दार, चेतना कावटिया, सोनिया खटोड़ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन रामायण की पंक्तियों का पाठ करके किया गया।

## गर्मी में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए एक माह तक चलेगा रक्तदान उत्सव, आमता के ताजपुर से हुई शुरुआत

**हावड़ा :** गर्मी के मौसम में रक्त की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए आमता के ताजपुर में एक महीने तक चलने वाले रक्तदान उत्सव की शुरुआत हुई। सोमवार को आमता के विधायक सुकांत पाल के जनसंपर्क कार्यालय में इस विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया। वातानुकूलित मोबाइल बस में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में आम लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

हर साल गर्मी के दौरान जिले के विभिन्न अस्पतालों के ब्लड बैंक में रक्त की भारी कमी देखी जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए, एक वातानुकूलित रक्त संग्रहण बस ताजपुर पहुंची है, जहां अगले एक महीने तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शुरुआती दिन ही स्थानीय लोगों में उत्साह देखने लायक था।



विधायक सुकांत पाल ने बताया कि गर्मी में रक्त की कमी आम बात है और लोग विभिन्न अस्पतालों में भटकते हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए और साथ ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर यह एक महीने का रक्तदान उत्सव शुरू किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर मानवता के प्रतीक रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि अगले एक महीने तक यह चलता-फिरता शिविर विभिन्न क्षेत्रों में जाकर हजारों लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा।

## जाफराबाद में मृत पिता-पुत्र के परिवार ने सीबीआई जांच की मांग पर पहुंचे हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद के जाफराबाद में मारे गए पिता-पुत्र के परिवार ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सोमवार को पीड़ित परिवार के सदस्य भाजपा नेताओं सजल घोष और कौस्तव बागची के साथ हाई कोर्ट पहुंचे और पुलिस के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। परिवार का आरोप है कि रविवार की रात को विधाननगर पूर्व थाना की करीब 40 पुलिस कर्मियों की टीम ने विधाननगर के सेफ हाउस में धावा बोला और जबरन पीड़ित परिवार के सदस्यों को ले जाने की कोशिश की। पुलिस का दावा है कि इन लोगों का अपहरण किया गया है और उन्हें छुड़ाने की कोशिश की गई। लेकिन परिवार




का साफ कहना है कि वे अपनी इच्छा से सुलभ और सुरक्षित स्थान के लिए सिफारिश पर सेफ हाउस में रह रहे हैं। परिवार ने पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है और विधाननगर पूर्व थाना पुलिस पर अति सक्रियता का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने मामले की सुनवाई के लिए अनुमति दे दी है और उम्मीद है कि मंगलवार को सुनवाई हो सकती है।

### खड़गपुर के एक होटल में मिला जेईई परीक्षार्थी का शव

**खड़गपुर :** खड़गपुर के बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल के कमरे से रविवार को एक जेईई के छात्र का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान बिप्लब मजूमदार(20) के रूप में हुई है, जो झारखंड के जमशेदपुर के आदित्यपुर इलाके का निवासी था। पुलिस के अनुसार, बिप्लब हाल ही में जेईई (मेंस) परीक्षा पास कर चुका था और 17 मई को होने वाली जेईई (एडवांस) परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह जमशेदपुर के एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाई करता था। रविवार सुबह 8 बजे वह कोचिंग टेस्ट देने के लिए घर से निकला था और दोपहर 1:30 बजे तक उसने अपनी मां से फोन पर बात की थी। लेकिन रात तक जब वह घर नहीं लौटा और उसका फोन भी बंद मिला, तो परिजनों ने जमशेदपुर के निकटवर्ती थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सोमवार सुबह पुलिस को उक्त होटल से युवक का शव बरामद हुआ।

### बर्दवान में प्रेम विवाह के बाद हत्या का सनसनीखेज मामला, पत्नी की गला दबाकर हत्या का आरोप पति पर

**बर्दवान :** पश्चिम बर्दवान जिले के भातर थाना क्षेत्र के पालर गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत से इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतका की पहचान ख्यांता माजी उर्फ पूजा माजी के रूप में हुई है, जिनकी शादी एक साल पहले प्रेम संबंध के बाद विजय दास नामक युवक से हुई थी। सोमवार शाम को पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। पूजा माजी का मायका पूर्व बर्दवान के जमालपुर थाना अंतर्गत शुनरिया गांव में है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पति विजय दास के साथ अक्सर उसके विवाद होते थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से उनके वैवाहिक जीवन में तनाव चरम पर था। स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि पूजा ने थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी, जिसके बाद विजय को कुछ दिनों के लिए जेल जाना पड़ा था। सोमवार सुबह से ही पड़ोसियों ने दोनों के बीच फिर से जोरदार झगड़ा होते सुना। बताया जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ गया कि अंततः पूजा की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर विजय दास को हिरासत में लिया है। हालांकि, विजय दास का दावा है कि उसने हत्या नहीं की, बल्कि उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। उसने यह भी कहा कि झगड़े के दौरान कांच टूटने से उसके शरीर पर खून लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की गंभीरता को देखते हुए हर एंगल से जांच की जा रही है। हत्या है या आत्महत्या - इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेनसिक जांच के बाद ही हो पाएगा। इस घटना ने प्रेम विवाह की खुशियों को एक बार फिर दुखांत में बदलने की दर्दनाक हकीकत सामने ला दी है।

# पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की मांग पर कोलकाता समेत राज्यभर में भाजपा समर्थकों ने किया प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान, गिरफ्तारी और निर्वासन की मांग को लेकर सोमवार को कोलकाता समेत राज्य के विभिन्न जिलों में भाजपा के समर्थकों ने प्रदर्शन किया। अलीपुर में दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर करीब 200 भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री देबोश्री चौधरी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस निर्देश पर अमल नहीं कर रही है, जिसमें सभी राज्यों से पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है। देबोश्री चौधरी ने कहा कि हमारे पास यह मानने की वजह है कि दक्षिण 24 परगना और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों में कई पाकिस्तानी नागरिक छिपे हुए हैं। पहलगाम हमले के बाद शाह ने उन्हें ढूंढ़ निकालने के लिए कई राज्य सरकारों से बात की। अन्य राज्यों ने कार्रवाई की, लेकिन बंगाल सरकार अब भी निष्क्रिय है। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हो गई। पुलिस ने 'जज कोर्ट रोड' पर बैरिकेड लगाकर रास्ता रोक रखा था, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। मध्य कोलकाता में भाजपा नेता इंद्रनील खान ने इसी मांग को लेकर उपायुक्त (मध्य) के कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बर्दवान, दक्षिण दिनाजपुर, कूचबिहार और सिलीगुड़ी में भी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कार्यालयों के सामने इसी तरह के विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें सैकड़ों पार्टी समर्थकों ने भाग लिया।




# बड़ाबाजार अग्निकांड में एक और गिरफ्तारी, सुपरवाइजर चढ़ा पुलिस के हत्थे

## गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर हुई चार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार अग्निकांड में इस बार सुपरवाइजर को गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि पुलिस ने सोमवार को शेख मोहम्मद सगीर अली को गिरफ्तार कर लिया। पता चला है कि यह युवक मछुआ बाजार स्थित होटल में ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण के पीछे था। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार की शाम बड़ाबाजार के मदन मोहन मछुआ बाजार फलपट्टी स्थित एक होटल में अचानक आग लग गई। खबर मिलते ही 10 दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने युद्धकालीन तरीके से काम फिर से शुरू करने की कोशिश की। ज्ञातव्य है कि होटल में कम से कम



42 कमरे थे। उनमें से अधिकांश में खिड़कियां नहीं थीं। परिणामस्वरूप, धुएं का खतरा बढ़ गया। एक ओर, अंदर निवासी फंस गए थे। दूसरी ओर, अग्निशमन कर्मियों को इमारत में प्रवेश करने में कठिनाई हुई। करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हाइड्रोलिक सीढ़ी का उपयोग करके 25 लोगों को बचाया गया। जबकि, घटना में 15 लोग मारे गये। आग की घटना के डेढ़ दिन बाद गुरुवार की सुबह होटल मालिक आकाश चावला और मैनेजर गौरव कपूर को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया, जिसमें गैर-इरादतन हत्या भी शामिल है। होटल के इंटीरियर डिजाइन के प्रभारी ठेकेदार खुर्शीद आलम को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह काम के सिलसिले में विदेश में था। शेख मोहम्मद सगीर अली प्रभारी थे। इसके बाद, पुलिस ने उससे पूछताछ की। बाद में, उसे गिरफ्तार कर लिया गया। परिणामस्वरूप, गिरफ्तारियों की कुल संख्या बढ़कर 4 हो गई है।

### बाली ब्रिज से कूदकर बुजुर्ग व्यक्ति ने की आत्महत्या

**हावड़ा, समाज्ञा :** एक बुजुर्ग व्यक्ति ने सोमवार की शाम बाली ब्रिज से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान तापस रंजन चक्रवर्ती (55) के रूप में की गई है। वह बागुइआटी का निवासी है। घटना की सूचना पाकर बाली थाने की पुलिस और नदी यातायात पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। बताया गया है कि बुजुर्ग व्यक्ति अपने एक परिचित के साथ कार से बाली ब्रिज घूमने आया था। बाली से दक्षिणेश्वर जाते समय वह अचानक कार से बाहर निकल गया। फिर, सेल्फी लेने के नाम पर वह ब्रिज के पास गया। और अचानक उसने वहां से गंगा में छलांग लगा दी। वह डूब गया। आपदा प्रतिक्रिया दल घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि, इस घटना के बारे में अभी तक किसी ने कुछ नहीं कहा है।

## गोसाबा में खेत से अज्ञात व्यक्ति का हाथ-पैर कटा शव बरामद, मचा हड़कंप

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिला के गोसाबा के अमताली द्वीप पर एक बेघर व्यक्ति की नृशंस हत्या का आरोप लगाया गया है। पता चला है कि सोमवार की सुबह उक्त इलाके में एक खेत से गुजरते समय कई लोगों ने वहां एक आदमी का शव पड़ा देखा, जिसके दोनों हाथ और पैर कटे हुए थे। पहले तो गांव वालों ने उसे पहचाना नहीं। बाद में, सूचना पाकर भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतक की पहचान खोकन मंडल (64) के रूप में की गई है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गोसाबा के सुंदरवन तटीय थाने अंतर्गत आमताली गांव में एक बेघर व्यक्ति पिछले पांच-छह वर्षों से रह रहा था। वह मानसिक रूप से असंतुलित था। इस दिन, सुबह में स्थानीय लोगों ने उसे आमतली ग्राम पंचायत के गोदार हाट में एक खुले मैदान में पड़ा पाया, उसके दोनों हाथ और दो पैर कटे हुए थे।

इसके बाद, उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर कटे हुए शरीर के अंगों को बरामद किया और उन्हें छोटो मोल्लाखाली ग्रामीण अस्पताल ले गई। जब उसे वहां ले जाया गया तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस हत्या में कौन शामिल है, इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसकी इतनी बेरहमी से हत्या क्यों की गई।

## सुंदरबन में बाघ के हमले से मौत, बिना अनुमति गए व्यक्ति को भी मिलेगा मुआवजा : हाईकोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि यदि सुंदरबन के बाघ संरक्षित क्षेत्र यानी 'कोर एरिया' में बाघ के हमले से किसी व्यक्ति की मौत होती है, तो उसके परिवार को मुआवजे से वंचित नहीं किया जा सकता, भले ही वह व्यक्ति बिना अनुमति के उस क्षेत्र में गया हो। अदालत ने यह टिप्पणी उस मामले की सुनवाई के दौरान की जिसमें 2011 में गोसाबा के लाहिरीपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र के निवासी निरापद मंडल की बाघ के हमले में मृत्यु हो गई थी। मृतक मछली और केकड़ा पकड़ने अन्य मछुआरों के साथ सुंदरबन के जंगल में गए थे, जहां वे गलती से कोर एरिया में प्रवेश कर गए और एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल



निरापद को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित किया गया। पोस्टमॉर्टम में भी मौत का कारण बाघ के हमले को बताया गया। परिवार ने मुआवजे के लिए कई बार राज्य सरकार से गुहार लगाई, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली, जिसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा।

राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि मृतक कोर एरिया में बिना अनुमति गया था, इसलिए मुआवजे का पात्र नहीं है। इस पर न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की पीठ ने सवाल किया कि क्या कोर एरिया को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया गया है। जब राज्य ने जवाब दिया कि जल क्षेत्र में कोर एरिया को जाल या बाड़ लगाकर चिह्नित करना संभव नहीं है, तब अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि केवल मौखिक रूप से प्रतिबंधित क्षेत्र कह देने से काम नहीं चलेगा।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि सुंदरबन के सभी कोर एरिया को शीघ्र ही चिन्हित किया जाए और आम लोगों की सुरक्षा के लिए स्पष्ट सीमाएं तय की जाएं। अदालत का यह निर्णय न केवल मृतक के परिवार के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि भविष्य में ऐसे मामलों में प्रशासनिक जवाबदेही तय करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बागनान में सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग समेत तीन की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बागनान थाना अंतर्गत जयपुर इलाके के तेंतुलमुड़ी इलाके में सोमवार को सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। परिणामस्वरूप, सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की जान चली गई। बहरहाल, पुलिस घटना की जांच कर रही है। मृतकों की पहचान मनोज घोष (30), रितेश घोष (16) और राकेश मंडल (16) के रूप में की गई है। सभी मृतक हावड़ा के बागनान थाना अंतर्गत बैनान बाजार के रहने वाले थे। रितेश घोष और राकेश मंडल इस वर्ष माध्यमिक पास हुए हैं। मनोज और रितेश रिश्ते में चाचा-भतीजे हैं। पता चला है कि मृतक के पड़ोस में एक डांस ग्रुप है। वे नृत्य समूह के साथ शो देखने के लिए झामटिया तेलीबेरिया गए थे। शनिवार को वहां काली पूजा हुई। फिर, रविवार को कार्यक्रम हुआ। वे तीनों संभवतः आधी रात को बाइक से घर लौट रहे थे। पुलिस का मानना है कि यह घटना उसी समय घटी। चूंकि रात काफी हो चुकी थी, इसलिए उस समय उन्हें कोई नहीं देख सका। सुबह स्थानीय लोगों ने तीनों लोगों को वहां पड़े देखा और पुलिस को सूचना दी। बागनान पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि यह दुखद मौत तेज गति से वाहन चलाने के कारण हुई। खबर मिलने पर बैनान ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान तापस हाजरा घटनास्थल पर गए।

## नेताजी एक्सप्रेस : हावड़ा मंडल की 100वीं वर्षगांठ पर भारतीय रेल की ऐतिहासिक विरासत का गौरवपूर्ण प्रतीक

**हावड़ा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय रेलवे की सबसे ऐतिहासिक ट्रेनों में से एक, नेताजी एक्सप्रेस (पूर्व में कलका मेल), देश की रेल विरासत के गौरवशाली अध्याय को फिर से जीवंत कर रही है। 1866 से निरंतर चल रही यह ट्रेन भारतीय रेल की सबसे पुरानी ट्रेनों में गिनी जाती है। कभी 'ईस्ट इंडिया रेलवे मेल' और फिर 'कलका मेल' के नाम से जानी जाने वाली यह ट्रेन, अब नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में 'नेताजी एक्सप्रेस' के रूप में पहचानी जाती है।



इस ट्रेन का इतिहास न केवल रेल सेवाओं की शुरुआत का गवाह है, बल्कि यह नेताजी के 1941 में ब्रिटिश नजरबंदी से भागने की घटना से भी जुड़ा है, जब उन्होंने गोमो स्टेशन से इसी ट्रेन के जरिए झरिया कोलफील्ड की ओर यात्रा की थी। 2021 में नेताजी की 124वीं जयंती पर इसका नाम बदलकर नेताजी एक्सप्रेस रखा गया, जिससे इस ट्रेन को एक ऐतिहासिक पहचान मिली। नेताजी एक्सप्रेस की उपस्थिति न केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज है, बल्कि यह बंगाली लोक संस्कृति और साहित्य में भी स्थान रखती है। सत्यजीत रे की 'फेलूदा' श्रृंखला की कहानी बाक्सो रहस्य में इसका उल्लेख आज भी पाठकों के बीच लोकप्रिय है। हावड़ा से कालका तक की यात्रा करने वाली यह ट्रेन आज भी यात्रियों की पसंद बनी हुई है। यह ट्रेन अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ने वाली एक जीवंत कड़ी के रूप में भारतीय रेल के गौरव को आगे बढ़ा रही है।

## राज्य मानवाधिकार आयोग के दफ्तर का घेराव करेगी भाजपा, अनुमति न मिलने पर पहुंची हाईकोर्ट

**कोलकाता :** राज्य मानवाधिकार आयोग के कार्यालय का घेराव करने की योजना को लेकर भाजपा ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पार्टी का कहना है कि वह इस कार्यक्रम में एक हजार से अधिक लोगों को शामिल करना चाहती है, लेकिन इसके लिए उन्हें प्रशासन से अनुमति नहीं मिली। इसी कारण भाजपा अब न्यायिक दखल की मांग कर रही है।

भाजपा का आरोप है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों, जैसे कि मुर्शिदाबाद और भांगड़ में, हिन्दू समुदाय पर लगातार हमले हो रहे हैं। पार्टी का दावा है कि इन घटनाओं पर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मौन है और कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। इसी मुद्दे को उठाते हुए भाजपा ने राज्य मानवाधिकार आयोग के कार्यालय के घेराव और वहां एक स्मारक पत्र सौंपने का



कार्यक्रम तय किया है।

हालांकि इतने बड़े जनसमूह को लेकर हाईकोर्ट अनुमति देगा या नहीं, इस पर अभी संशय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि इस मामले की सुनवाई मंगलवार को न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की पीठ में हो सकती है।

भाजपा की ओर से कहा गया है कि यह कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा और पार्टी केवल नागरिक अधिकारों की रक्षा और न्याय सुनिश्चित करने की मांग कर रही है। अब देखना होगा कि हाईकोर्ट इस याचिका पर क्या निर्णय देता है।

## दुष्कर्म पीड़िता 25 सप्ताह की गर्भवती युवती को गर्भपात की अनुमति, कोलकाता हाईकोर्ट का आदेश

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट ने बलात्कार पीड़िता एक 25 सप्ताह की गर्भवती युवती को गर्भपात की अनुमति दे दी है। यह ऐतिहासिक आदेश सोमवार को न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने सुनाया। कोर्ट ने इससे पहले एसएसकेएम अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम गठित कर युवती की शारीरिक स्थिति की जांच के आदेश दिए थे।

सोमवार को राज्य सरकार की ओर से अदालत में 12 सदस्यीय मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने युवती के गर्भपात को चिकित्सकीय दृष्टि से उचित करार दिया। रिपोर्ट के आधार पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने एसएसकेएम अस्पताल को गर्भपात की प्रक्रिया तुरंत शुरू करने का



निर्देश दिया।

कानून के अनुसार, यदि बलात्कार के कारण गर्भधारण हुआ हो, तो 24 सप्ताह तक गर्भपात के लिए अदालत की अनुमति आवश्यक नहीं होती। लेकिन इस मामले में भ्रूण की आयु 24 सप्ताह पार कर चुकी थी, जिसके कारण युवती को हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

अदालत को युवती ने बताया कि दिसंबर 2024 में उसके साथ बलात्कार हुआ था, जिसके बाद वह गर्भवती हो गई। इस पूरे घटनाक्रम से वह गहरे मानसिक आघात और अवसाद में चली गई थी, जिस कारण निर्णय लेने में विलंब हुआ। जब तक वह गर्भपात का निर्णय लेती, तब तक भ्रूण की उम्र 24 सप्ताह से अधिक हो चुकी थी।

इसके बाद उसने चिकित्सकीय सलाह लेकर हाईकोर्ट का रुख किया। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए गर्भपात की अनुमति दे दी। यह निर्णय न केवल न्यायप्रियता का परिचायक है, बल्कि पीड़िता के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का भी उदाहरण है।

### गर्मियों में सफर होगा आसान, राजगीर-खगड़िया के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने राजगीर और खगड़िया के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 6 मई से 31 मई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार, बुधवार और शनिवार को कुल 12 फेरे लगाएगी। ट्रेन संख्या 03266 राजगीर-खगड़िया समर स्पेशल सुबह 06:10 बजे राजगीर से प्रस्थान करेगी और दोपहर 13:00 बजे खगड़िया पहुंचेगी। इस दौरान यह ट्रेन अभयपुर, जमालपुर और मुंगेर सहित कुल 9 स्टेशनों पर रुकेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 03265 खगड़िया-राजगीर समर स्पेशल दोपहर 14:00 बजे खगड़िया से रवाना होकर रात 21:25 बजे राजगीर पहुंचेगी। यह भी मुंगेर, जमालपुर और अभयपुर सहित 9 स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में जनरल सेकंड क्लास, स्लीपर क्लास और एयर-कंडीशन्ड डिब्बों की व्यवस्था रहेगी, जिससे यात्रियों को सुगम और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

## सियालदह मंडल ने रेलवे परिसर में थूकने पर 7.6 लाख का जुर्माना वसूला

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने अप्रैल 2025 के महीने में रेलवे परिसरों में थूकने के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पूरे मंडल में कुल 6,193 व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ते हुए 7,61,070 का भारी भरकम जुर्माना वसूला गया। यह सघन अभियान पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के गतिशील नेतृत्व में संचालित किया गया। इस अभियान में पकड़े गए मामलों की बड़ी संख्या यह दर्शाती है कि आमजन में सार्वजनिक स्वच्छता को लेकर जागरूकता की भारी कमी है। सियालदह मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना ने कहा, एक ही महीने में इतने अधिक थूकने के मामले सामने आना बेहद चिंताजनक है। हम सख्त कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन नागरिकों में स्वच्छता के प्रति व्यवहार में शीघ्र बदलाव और जागरूकता की सख्त आवश्यकता है। रेलवे परिसरों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए लगाताक जागरूकता भी फैलायी जा रही है।




# मुर्शिदाबाद में हिंसा के लिए ममता जिम्मेदार : शुभेंदु अधिकारी

- ❑ **नेता प्रतिपक्ष का दावा, मुर्शिदाबाद में हिंसा के दौरान 900 घरों व दुकानों में हुई लूट**
- ❑ **नौ मंदिरों में भी तोड़फोड़ किए जाने का भी किया दावा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले के दौरे पर जाने के बीच राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने निशाना साधते हुए हिंसा के लिए ममता को ही पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया। शुभेंदु ने दावा किया कि ममता के इशारे पर हिंसा हुई और पुलिस पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने दावा किया कि मुर्शिदाबाद हिंसा के दौरान उपद्रवियों ने हिंदुओं के करीब 900 घरों व दुकानों में तोड़फोड़ व लूट को अंजाम दिया। साथ ही, दावा किया कि हिंसा के दौरान नौ मंदिरों पर भी हमला और



तोड़फोड़ की गई। शुभेंदु ने ममता के दौरे पर सवाल उठाते हुए राज्य सरकार पर हिंसा के दौरान चुप रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब हिंसा पीड़ितों को महज कुछ हजार रुपये की मुआवजा राशि देकर ममता अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती है। शुभेंदु ने कटाक्ष करते हुए कहा कि हिंसा के दौरान पुलिस शटर के भीतर छुप गई और हालात हाथ से बाहर होने पर राज्य प्रशासन बीएसएफ को बुलाने पर बाध्य हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब बीएसएफ ने स्थिति को काबू किया तो अगले दिन राज्य सरकार व पुलिस ने बीएसएफ को वापस जाने को कहा। शुभेंदु ने कहा कि हाई कोर्ट में भी राज्य सरकार ने इलाके में शांति के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का विरोध किया।

❑ **दीघा में मंदिर के बगल में लिखा 'जगन्नाथ धाम' संरचना हटी तो शुभेंदु ने किया एक्स पर पोस्ट**

पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा में समुद्र किनारे जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन का दिन बगल में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंग्रेजी अक्षरों में 'जगन्नाथ धाम' लिखी बड़ी नीली संरचना ने कई लोगों का ध्यान आकर्षित किया था। अब वह संरचना गायब है, जिससे दीघा में कौतूहल पैदा हो गया है। सवाल उठता है कि इतनी चहल-पहल से घिरे जगन्नाथ मंदिर के किनारे से इतनी 'खूबसूरत' संरचना क्यों हटाई गई? धाम लिखा संरचना गायब होने की बात एक्स हैंडल पर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने पोस्ट किया है। हालांकि, स्थानीय प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, किसी विवाद के कारण धाम लिखा संरचना को नहीं हटाया गया। वह एक अस्थाई संरचना थी। उद्घाटन के अगले दिन इसे हटा दिया गया था। इस संबंध में रामनगर (जो दीघा-रामनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है) के तृणमूल विधायक व पूर्व मंत्री अखिल गिरि ने कहा कि मंदिर के उद्घाटन के दौरान अस्थाई संरचना का निर्माण हुआ था। उद्घाटन के अगले दिन उसे हटा दिया गया। इसके पीछे कोई और कारण नहीं है। पास में ही चैतन्यद्वार पर निर्माण कार्य चल रहा है। जब यह कार्य पूरा हो जाएगा, तो ऐसी संरचना पुनः स्थापित की जाएगी। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास, जो दीघा जगन्नाथ मंदिर के प्रभारी हैं, ने भी यही बात कही। उन्होंने कहा कि यह फुटपाथ पर था। अभी नहीं, उद्घाटन के अगले दिन ही हटाया गया था।

## भागलपुर-जमालपुर सेक्शन में दो लिमिटेड हाइट सबवे का सफल निर्माण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल द्वारा 4 मई को भागलपुर-जमालपुर रेलखंड में दो लिमिटेड हाइट सबवे का सफलतापूर्वक निर्माण पूरा किया गया। यह दोनों सबवे मौजूदा लेवल क्रॉसिंग्स को हटाकर बनाए गए हैं, जिससे रेल और सड़क यातायात के बीच टकराव की संभावना में उल्लेखनीय कमी आएगी और आवागमन अधिक सुरक्षित तथा निर्बाध होगा। पहला एलएचएस नाथनगर और अकबरनगर स्टेशनों के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 2/सी की जगह बनाया गया, जिसमें 6 मीटर x 4.65 मीटर आकार के कुल 10 बॉक्स सेगमेंट लगाए गए।



दूसरा एलएचएस सुल्तानगंज और कल्याणपुर रोड स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या 11 के स्थान पर निर्मित किया गया, जिसमें भी समान संरचना का उपयोग हुआ। इन दोनों कार्यों के लिए 4 मई को अप और डाउन दोनों लाइनों पर 7 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया, और दोनों ही परियोजनाएं निर्धारित समय में सफलतापूर्वक पूरी कर ली गईं। ब्लॉक अवधि के दौरान इंजीनियरिंग विभाग ने अन्य कई महत्वपूर्ण रखरखाव कार्य भी किए।

इसके अतिरिक्त, अभयपुर डाउन लूप लाइन पर दो स्विच एक्सपेंशन जॉइंट लगाए गए, 10 एसईजे स्लीपर बदले गए, और जमालपुर लाइन नं. 1 पर डि-स्ट्रेसिंग कार्य के तहत ईआरसी ग्रीसिंग एवं 17 वेल्डिंग जॉइंट्स का कार्य भी संपन्न हुआ।

## आईपीएल मैच के बाद क्रिकेट प्रेमियों के लिए मेट्रो रेलवे की विशेष सेवा

**कोलकाता :** कोलकाता के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। आगामी 7 मई 2025 (बुधवार) की रात को ईडन गार्डन्स में खेले जाने वाले आईपीएल टी-20 मुकाबले के बाद मेट्रो रेलवे की ओर से विशेष मिडनाइट मेट्रो सेवाएं चलाई जाएंगी। यह निर्णय क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) और कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से मि. गेम प्लान स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से आए अनुरोध के बाद लिया गया है।

इन विशेष सेवाओं का संचालन ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन-2 पर किया जाएगा, ताकि कोलकाता और उसके उपनगरीय इलाकों के दर्शकों को घर लौटने में सुविधा मिल सके।

टिकट बुकिंग केवल ओल्ड एस्प्लानेड और न्यू एस्प्लानेड मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध रहेगी, जहां स्मार्ट कार्ड, टोकन और पेपर आधारित क्यूआर टिकट खरीदे जा सकेंगे। इन विशेष सेवाओं के लिए सामान्य किराए के अतिरिक्त प्रति टिकट 10 रुपये का अधिभार भी लिया जाएगा।

❑ **ब्लू लाइन पर सेवाएं:**

एस्प्लानेड से मध्यरात्रि 12:00 बजे दो विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी – एक दक्षिण की ओर कवि सुभाष तक और दूसरी उत्तर की ओर दक्षिणेश्वर तक। दोनों ट्रेनें सभी स्टेशनों पर रुकेंगी और 00:33 बजे अपने गंतव्य पर पहुंचेंगी।

❑ **ग्रीन लाइन-2 पर सेवा:**

ग्रीन लाइन पर एक विशेष ट्रेन एस्प्लानेड से हावड़ा मैदान तक चलाई जाएगी, जो रात 12:00 बजे प्रस्थान कर 12:08 बजे पहुंचेगी।

## हावड़ा मंडल ने मनाया शताब्दी वर्ष, प्रभात फेरी, वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शताब्दी समारोह के अंतर्गत सोमवार को टिंडेल बागान रेलवे कॉलोनी में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों का उद्देश्य मंडल की ऐतिहासिक यात्रा का सम्मान करना और समुदाय के साथ जुड़ाव को और मजबूत करना था। कार्यक्रमों का संचालन मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत उत्साह से भरपूर प्रभात फेरी से हुई, जिसमें रेलवे कर्मचारी, उनके परिवारजन और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। यह रैली देशभक्ति गीतों और शताब्दी की उपलब्धियों को दर्शाते बैनरों के साथ निकाली गई, जिसमें एकता, नागरिक जिम्मेदारी और




हरित भविष्य का संदेश दिया गया।

इसके बाद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलोनी परिसर में कई पौधे लगाए गए। रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को सामूहिक पर्यावरण-जागरूकता का उदाहरण बना दिया। अंत में आयोजित स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन को प्रोत्साहित किया गया और रेलवे कॉलोनी में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान: नीट-स्नातक में फर्जीवाड़ा करने की कोशिश कर रहे गिरोह का भंडाफोड़, पांच युवक गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान पुलिस ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक में फर्जीवाड़ा और अनुचित साधनों का उपयोग कर फायदा लेने की कोशिश कर रहे एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी और ये आरोपी नीट-स्नातक में लाभ लेने के लिए फर्जीवाड़े व अनुचित साधनों का उपयोग करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने बताया कि करणी विहार थाने की टीम ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक फ्लैट पर छापा मारा, जहां आरोपियों को विभिन्न उपकरणों और फर्जी परीक्षा संबंधी दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजीत कुमार बराला, सोहन लाल चौधरी, जितेंद्र शर्मा, संजय चौधरी और रोहित गोरा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सभी से पूछताछ की जा रही है।

### उत्तर प्रदेश: शादी से एक दिन पहले युवती की हृदयगति रुकने से मौत

**बदायूं :** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में शादी से एक दिन पहले युवती की हृदय गति रुकने से मौत हो गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, परिवार के सदस्यों ने बताया कि रविवार देर रात तक हल्दी की रस्म के दौरान नृत्य कर रही दीक्षा (22) की अचानक तबीयत बिगड़ गयी, जिसके बाद वह शौचालय गयी जहां हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, दीक्षा की सोमवार को शादी होने वाली थी। पुलिस ने बताया कि घटना इस्लामनगर थानाक्षेत्र के नूरपुर पिनौनी गांव की है, जहां दिनेश पाल सिंह की बेटी दीक्षा (22) की शादी की तैयारियां चल रहीं थीं। पुलिस के मुताबिक, रविवार देर रात लगभग 12.30 बजे हल्दी की रस्म के दौरान नाचते-नाचते दीक्षा को घबराहट होने लगी और वह शौचालय में चली गयी। पुलिस ने बताया कि दीक्षा के काफी देर तक नहीं लौटने पर पिता दिनेश पाल सिंह शौचालय गये और दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पुलिस के मुताबिक, परिवार के लोगों ने दरवाजा तोड़ा, तो देखा कि दीक्षा जमीन पर पड़ी हुई थी और उसकी मौत हो चुकी थी।

## 'पंजाब एक बूंद पानी हरियाणा को नहीं देगा' : पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पेश



**चंडीगढ़ :** पंजाब और हरियाणा के बीच जल बंटवारे को लेकर गतिरोध के बीच भगवंत मान सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पड़ोसी राज्य के लिए अपने हिस्से का एक भी बूंद पानी नहीं छोड़ने का संकल्प जताया गया। सदन में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब, हरियाणा को पानी की एक भी बूंद नहीं छोड़ने देगा, क्योंकि उनके राज्य के पास अतिरिक्त पानी नहीं है। इससे पहले जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने विधानसभा के विशेष सत्र में प्रस्ताव पेश किया, जिसके बाद इस पर चर्चा की गई। गोयल ने प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा कि भाजपा हरियाणा और केंद्र में अपनी सरकारों तथा भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के माध्यम से पंजाब के अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही है। प्रस्ताव के अनुसार, असंवैधानिक व गैरकानूनी तरीके से बीबीएमबी की बैठक बुलाकर पंजाब के हक का पानी जबरदस्ती हरियाणा को दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। हरियाणा ने 31 मार्च तक अपने हिस्से का पूरा पानी इस्तेमाल कर लिया है। अब भाजपा पंजाब का पानी हरियाणा को देना चाहती है। प्रस्ताव में कहा गया कि पिछले तीन वर्षों के दौरान मान सरकार ने पंजाब के हर खेत तक नहर से पानी पहुंचाने का प्रयास किया है। इसमें कहा गया, बहुत बड़े पैमाने पर नहरों और जलमार्गों का जाल बिछाया गया है। 2021 तक पंजाब के सिर्फ 22 प्रतिशत खेतों को नहर का पानी मिलता था। लेकिन आज पंजाब के करीब 60 प्रतिशत खेतों को नहर का पानी मिल रहा है। उन्होंने कहा, इसलिए पंजाब के पानी की एक-एक बूंद पंजाब के लिए बहुत कीमती हो गई है। पंजाब के पास अब किसी दूसरे राज्य को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। प्रस्ताव के अनुसार हरियाणा ने छह अप्रैल को पंजाब से पीने के लिए पानी छोड़ने का अनुरोध किया था, जिसके बाद पंजाब ने बड़ा दिल दिखाते हुए 4,000 क्यूसेक पानी दिया।

### उत्तर प्रदेश: ज्ञानवापी के वुजू-खाना के सर्वेक्षण के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई टली

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के भीतर वुजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का अनुरोध करने वाली पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई चार जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अदालत में सोमवार को जब याचिका पर सुनवाई शुरू हुई तब अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा 2020 की रिट याचिका संख्या 1246 (अश्विनी कुमार उपाध्याय बनाम केंद्र सरकार व अन्य) के मामले में पारित अंतरिम आदेश अब भी प्रभावी है। इसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई चार जुलाई के लिए निर्धारित कर दी। उच्चतम न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में निर्देश दिया था कि नई याचिकाएं दायर की जा सकती हैं लेकिन उनपर सुनवाई नहीं की जाएगी और कोई भी अदालत सर्वेक्षण आदि सहित कोई अंतरिम आदेश या अंतिम आदेश पारित नहीं करेगी।

## अदालत ने राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका का निपटारा किया



**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता कर्नाटक के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर को अन्य कानूनी वैकल्पिक उपाय अपनाने की छूट दी है। न्यायमूर्ति ए. आर. मसूदी और न्यायमूर्ति राजीव सिंह की खंडपीठ ने कहा कि केंद्र सरकार याचिकाकर्ता की शिकायत के समाधान के लिए कोई समय सीमा नहीं दे पा रही है, ऐसे में इस याचिका को लंबित रखने का कोई औचित्य नहीं है। अदालत ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह अन्य वैकल्पिक कानूनी उपाय अपनाने के लिए स्वतंत्र है। गत 21 अप्रैल को हुई पिछली सुनवाई में अदालत को बताया गया था कि केंद्र ने ब्रिटेन की सरकार को पत्र लिखकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने के दावों के बारे में जानकारी मांगी है। पीठ ने राहुल गांधी की नागरिकता विवाद को लेकर दायर याचिका पर केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि वह 10 दिनों में इस संबंध में याची की ओर से दाखिल प्रत्यावेदन को निस्तारित करें। मामले में याची की ओर से दलील दी गई है कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इसी वजह से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं तथा लोकसभा सदस्यता के योग्य नहीं हैं।

### उत्तर प्रदेश: नदी में नहाने गए दो भाई डूबे, छोटे भाई की मौत

**देवरिया :** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में चनुकी घाट पर कलश भरने के दौरान नदी में नहाने गए दो सगे भाइयों में एक की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कलश भरने गए दोनों भाइयों के डूबने पर वहां मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने छोटे भाई को मृत घोषित कर दिया जबकि बड़े भाई की हालत स्थिर है। पुलिस ने बताया कि बनकटा थानाक्षेत्र के बैदौली में राधे कृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गयी थी। पुलिस के मुताबिक, कलश यात्रा मंदिर से अकटही, फुलवरिया होते हुए चनुकी घाट पहुंची, जहां कलश भरने के दौरान बैदौली निवासी अजीत पांडेय (21) और उसका छोटा भाई शांतनु पांडेय (18) गांव के अन्य लड़कों के साथ नदी में नहाने लगे।

## झारखंड: भाजपा ने पाकिस्तानियों को भारत से निकालने की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन




**रांची :** झारखंड और भारत के अन्य हिस्सों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। यह प्रदर्शन पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच हो रहा है। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे और मरने वालों में अधिकतर पर्यटक शामिल थे। इस आतंकवादी घटना के बाद, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक कदमों की घोषणा की थी, जिसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, इस्लामाबाद के साथ राजनयिक संबंधों को सीमित करना और अल्पकालिक वीजा पर रह रहे सभी पाकिस्तानियों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने या कार्रवाई का सामना करने का आदेश देना शामिल था। भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्य की राजधानी रांची में मार्च निकाला। शहर के जिला स्कूल मैदान से निकाली गई रैली में स्थानीय विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत पार्टी के कई नेता शामिल हुए।

## पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर विश्व स्तरीय सुविधाएं देने के लिए 'ई-वे हब' का होगा निर्माण

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर राहगीरों को विश्व स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने के लिए 'ई-वे हब' का निर्माण व विकास करने का फैसला किया है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, हाल ही में हुई एक समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने इस संबंध में एक खाका मुख्य सचिव के सामने पेश किया था। बयान में बताया कि इसी आधार पर प्रदेश में इन दोनों एक्सप्रेसवे पर कुल 12 'ई-वे हब' के निर्माण व विकास को पूर्ण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। बयान के मुताबिक, यूपीडा द्वारा तैयार की गई योजना में दोनों एक्सप्रेसवे के किनारे पेट्रोल-सीएनजी पंप, चार्जिंग स्टेशन, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, पेयजल व शौचालय सुविधा, भोजनालय व आउटलेट्स, बजट होटल और थीमपार्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बयान में बताया गया कि इतना ही नहीं, एक्सप्रेसवे के किनारे इंडस्ट्रियल और व्यवसायिक क्षेत्रों का भी विकास किया जाएगा। बयान के मुताबिक, इन सभी 'ई-वे हब' को अत्याधुनिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के दायरे में लाया जाएगा ताकि एक्सप्रेसवे व आसपास के क्षेत्र की निगरानी सुनिश्चित हो। यूपीडा द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर कुल चार 'ई-वे हब' का निर्माण व विकास 40 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाएगा।

## न्यूज अपडेट

### बिहार में नीट परीक्षा से पहले 'प्रश्नपत्र' बेचने के आरोप में जालसाज गिरफ्तार

पटना : पुलिस ने देशभर में चार मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) से पहले मेडिकल उम्मीदवारों से धोखाधड़ी के आरोप में बिहार के अररिया जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए जालसाज पर धन के बदले उम्मीदवारों को परीक्षा का ''प्रश्नपत्र'' मुहैया कराने का आरोप है। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) और अररिया पुलिस के अधिकारियों ने तीन मई को आरोपी को हिरासत में लिया। ईओयू ने एक बयान में कहा, ''गुप्त सूचना मिली थी कि जालसाजों का एक समूह नीट उम्मीदवारों से कथित तौर पर पैसे ले रहा है और उन्हें परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झूठा वादा कर रहा है, जिसके बाद ईओयू ने अररिया में अपनी साइबर इकाई और जिला पुलिस को सतर्क कर दिया। एक टीम का गठन किया गया और एस के फैज को मेडिकल उम्मीदवारों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।'' जांच में यह भी पता चला कि आरोपी ने छात्रों के साथ धोखाधड़ी की और उनसे अपने खाते में पैसे अंतरित करवाए। मामले में जांच की जा रही है। बिहार पुलिस ने उम्मीदवारों और अभिभावकों को साइबर जालसाजों द्वारा किए जाने वाले फोन कॉल के प्रति आगाह किया था, जिसमें उन्हें नीट-यूजी परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का लालच दिया जाता है।

### क्रिकेटर मोहम्मद शमी को ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी, एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी



**अमरोहा :** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को ईमेल के जरिए कथित तौर पर जान से मारने की धमकी मिली और साथ ही उनसे एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि साइबर थाने में मामला दर्ज कर साइबर विशेषज्ञों की मदद से तकनीकी जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित कुमार आनन्द ने बताया कि स्थानीय निवासी हसीब अहमद की शिकायत के बाद मामला प्रकाश में आया। उन्होंने बताया, शिकायत के अनुसार रविवार को 'राजपूत सिंधार' नाम की आईडी से एक ईमेल आया, जिसमें मोहम्मद शमी और 'प्रभाकर' नाम के व्यक्ति को जान से मारने की धमकी दी गयी और एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गयी। अधिकारी ने बताया, शिकायत के आधार पर कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गयी है। ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर विशेषज्ञों के साथ पुलिस काम कर रही हैं। मामला जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। मोहम्मद शमी, अमरोहा जिले के डिडौली कोतवाली क्षेत्र के सहसपुर अलीनगर गांव के मूल निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां मामले को गंभीरता से ले रही हैं।

### संभल की जामा मस्जिद मामले में 'रिज्वाइंडर' दाखिल करने का निर्देश

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर से जुड़े विवाद के मामले में सोमवार को मस्जिद कमेटी को 'रिज्वाइंडर' दाखिल करने का निर्देश दिया और अगली सुनवाई 13 मई के लिए निर्धारित कर दी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि उन्होंने अपना जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया है, जिसके बाद न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मस्जिद कमेटी को 'रिज्वाइंडर' दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 13 मई के लिए निर्धारित कर दी। मस्जिद कमेटी संभल ने स्थानीय अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर की है। संभल की अदालत ने अधिवक्ता आयोग द्वारा मस्जिद का पुरातत्व सर्वेक्षण का निर्देश दिया था। इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की जिला अदालत में लंबित मूल याचिका पर सुनवाई के संबंध में अगली तिथि तक के लिए रोक लगा दी थी। हिंदू पक्ष ने मूल याचिका में संभल के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री हरिहर मंदिर (कथित जामा मस्जिद) में प्रवेश का अधिकार मांगा है।

---

समीक्षा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

**06.05.2025 :** सीता नवमी, जानकी जन्मोत्सव
**08.05.2025 :** श्रीमोहिनी एकादशी सबका
**09.05.2025 :** रवीन्द्रनाथ टैगोर जयन्ती
**11.05.2025 :** श्रीनृसिंह चतुर्दशी, छिन्नमस्तिका जयन्ती
**12.05.2025 :** बैशाख पूर्णिमा, बुद्ध पूर्णिमा

## सबसे पहले किन्हें देना चाहिए शादी का निमंत्रण कार्ड? जानें क्या कहते हैं नियम

शादी हर व्यक्ति के जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। जैसे ही शादी तय होती है, पूरे परिवार में उत्साह की एक लहर दौड़ जाती है। सभी चाहते हैं कि शादी का आयोजन बिना किसी रुकावट और धूम-धाम से संपन्न हो। शादी की सजावट, खानपान और अन्य तैयारियों पर ध्यान देने के साथ शादी का न्योता देना भी एक विशेष कार्य माना जाता है।

अक्सर लोग निमंत्रण कार्ड देने को एक सामान्य प्रक्रिया मान लेते हैं, लेकिन ज्योतिष शास्त्र में इसे विशेष महत्व दिया गया है, जिसके अनुसार यदि कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को पहले निमंत्रण दिया जाए, तो विवाह कार्यक्रम में आने वाली संभावित अड़चनें टल सकती हैं और समारोह शुभता के साथ पूरा होता है। आइए जानते हैं सबसे पहले शादी का निमंत्रण किन्हें देना चाहिए।

### सबसे पहले भगवान गणेश को करें आमंत्रित

शास्त्रों के अनुसार किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा से होती है। शादी का पहला निमंत्रण पत्र भी उन्हें ही अर्पित किया जाना चाहिए। आप यह कार्ड उनके मंदिर में जाकर चढ़ा सकते हैं या घर के पूजा स्थल पर उनके सामने रख सकते हैं।

### दूसरा कार्ड विष्णु भगवान और माता लक्ष्मी को

समृद्धि और सौभाग्य प्राप्त करने के लिए दूसरा निमंत्रण भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी को देना चाहिए। ये दोनों देवता जीवन में सुख, शांति और समृद्धि के प्रतीक माने जाते हैं। उनका आशीर्वाद वैवाहिक जीवन को स्थिरता और सम्पन्नता देता है।

### तीसरा निमंत्रण बजरंगबली को

शक्ति और सुरक्षा देने वाले भगवान हनुमान को तीसरा कार्ड देना चाहिए। माना जाता है ऐसा करने से विवाह आयोजन के दौरान किसी नकारात्मक शक्ति या विघ्न का असर नहीं होता और पूरा कार्यक्रम शांति से पूरा होता है।

### कुलदेवता और कुलदेवी को चौथा निमंत्रण

हर परिवार के अपने कुलदेवता या कुलदेवी होते हैं, जिनकी पूजा परिवार की परंपरा का हिस्सा होती है। शादी का चौथा कार्ड उन्हें समर्पित करना चाहिए और घर के मंदिर में रखकर आशीर्वाद लेना चाहिए। उनके बिना कोई भी मांगलिक कार्य पूर्ण नहीं होता।



### पितरों को पांचवां निमंत्रण

पांचवां कार्ड अपने पूर्वजों यानी पितरों को अर्पित करना चाहिए। यह कार्य पीपल के वृक्ष के नीचे जाकर किया जाता है। इस दौरान प्रार्थना करें कि वे नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दें। पितरों की कृपा से परिवार में शांति और सुख बना रहता है।

### मामा को दें छठा निमंत्रण

हिंदू संस्कृति में मामा का स्थान विशेष माना जाता है। विवाह समारोह में मामा की भागीदारी विशेष मानी जाती है। जब बहन अपने भाई के घर भात का न्योता लेकर जाती है, तो शादी का पहला पारिवारिक निमंत्रण उसे ही देना चाहिए। इससे पारिवारिक संबंध मजबूत होते हैं और आयोजन में सहयोग बना रहता है।

## शनि जयंती पर जरूर करें ये पाठ, साढ़ेसाती-ढैय्या से हो रही परेशनियां होंगी दूर

ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को शनि देव का जन्म हुआ था, इसी कारण इस दिन को शनि जयंती के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2025 में यह तिथि 27 मई (मंगलवार) को पड़ रही है। यह दिन विशेष रूप से उन जातकों के लिए अत्यंत फलदायक होता है, जिनकी कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या या अशुभ योग वर्तमान में सक्रिय हैं।

शनि देव नवग्रहों में न्याय के अधिष्ठाता माने जाते हैं। वे व्यक्ति के कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। जब शनि अशुभ स्थिति में होते हैं, तब जीवन में विलंब, संघर्ष, मानसिक तनाव और बाधाएं आती हैं। किंतु यदि शनि प्रसन्न हों, तो वह व्यक्ति को असाधारण सफलता, स्थिरता और समाज में प्रतिष्ठा प्रदान करते हैं।

शनि जयंती के दिन शनि चालीसा का पाठ विशेष रूप से शुभ होता है। शनि चालीसा का नियमित पाठ करने से शनि के कष्टों से मुक्ति मिलती है और शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या के प्रभाव में राहत मिलती है। शनि चालीसा के माध्यम से शनि देव की कृपा प्राप्त होती है, जिससे जीवन में आ रही समस्याएं धीरे-धीरे समाप्त होने लगती हैं और एक नई दिशा मिलती है।

इस दिन शनि चालीसा का पाठ करें, काले तिल, सरसों के तेल और लोहे का दान करें, और पीपल वृक्ष की पूजा करने से शनि देव का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## मंगलवार के दिन हनुमानजी को प्रसन्न करने के लिए जलाएं दीपक

हिंदू धर्म में भगवान हनुमान को कलयुग का देवता माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज भी भगवान हनुमान इस पृथ्वी पर वास करते हैं। हनुमानजी की पूजा और विशेष कृपा पाने के लिए मंगलवार दिन समर्पित होता है। हनुमान जी को संकटमोचन भी कहा जाता है यानी संकट के समय अगर हनुमान का नाम लिया जाय तो फौरन ही सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। हनुमान की पूजा के लिए मंगलवार के साथ-साथ शनिवार के दिन भी पूजा का विशेष महत्व होता है। मंगलवार और शनिवार के दिन हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग पदार्थों के तेल का दीपक जलाने का महत्व होता है। आइए जानते हैं मंगलवार और शनिवार के दिन किन तेलों के दीपक जलाने से कौन-कौन से लाभ मिलते हैं।

### चमेली के तेल का दीपक

हनुमान जी को चमेली का तेल बहुत ही प्रिय होता है। मंगलवार के दिन अपने घर के पास स्थित मंदिर में हनुमानजी के दर्शन करने के बाद उन्हे चमेली का तेल अर्पित करें। मंगलवार को चमेली का तेल अर्पित करने में व्यक्ति को मानसिक परेशानियों से मुक्ति मिलती है और रोग दूर होते हैं। इसके अलावा जिन लोगों को अनचाहा डर बना रहता है उनके लिए इस उपाय यह दूर हो जाता है।

### शनि दोष से मुक्ति के लिए तिल का दीपक

जिन जातकों के ऊपर शनिदोष, साढ़ेसाती और ढैय्या का अशुभ प्रभाव बना रहता है। मंगलवार और शनिवार के दिन हनुमान जी की प्रतिमा के सामने तिल का दीपक जलाएं। इससे शनि संबंधी दोष फौरन ही दूर होते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है।

### शत्रु बाधा से मुक्ति के लिए सरसों के तेल का दीपक

मंगलवार और शनिवार के दिन हनुमान जी प्रतिमा के सामने सरसों के तेल का दीपक जलाने से शत्रुओं का भय नहीं होता है और आर्थिक परेशानियों से मुक्ति मिलती है। इससे व्यक्ति का के आत्मविश्वास में वृद्दि होती है।

सुख-समृद्धि के लिए घी का दीपक
मंगलवार और शनिवार के दिन हनुमानजी की प्रसन्न करने के लिए, जीवन में सुख-समृद्धि और संपन्नता के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करना और घी का दीपक जलाना बहुत ही अच्छा होता है।

### नारियल के तेल का दीपक जलाने से इच्छा की पूर्ति

हनुमानजी जल्द से जल्द प्रसन्न होने वाले देवता हैं। जो भी व्यक्ति इनकी मन से पूजा-आराधना करता है उनकी हर तरह की इच्छा को जरूर पूरा करते हैं। हनुमान की पूजा में मंगलवार और शनिवार के दिन नारियल के तेल का दीपक जलाने से हर तरह की मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।



## गंगा सप्तमी के दिन करें इस चालीसा का पाठ

शास्त्रों के अनुसार, वैशाख माह शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को पवित्र गंगा नदी धरती पर अवतरित हुई थी, जो हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण और पवित्र दिन माना जाता है। इस दिन को गंगा सप्तमी के नाम से जाना जाता है। गंगा सप्तमी तिथि पर विशेष रूप से गंगा नदी में स्नान और ध्यान करने की परंपरा है, क्योंकि इस दिन स्नान करने से व्यक्ति के पाप धुल जाते हैं और आत्मिक शांति मिलती है।

इसके बाद, मां गंगा की पूजा और जप-तप का आयोजन किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन विशेष रूप से मां गंगा की पूजा करने से उनके आशीर्वाद से जीवन के सभी कष्ट समाप्त हो जाते हैं। इसके साथ ही गंगा चालीसा का पाठ भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन गंगा चालीसा का नियमित पाठ करने से व्यक्ति को मानसिक शांति, सुख और समृद्धि मिलती है। गंगा सप्तमी का दिन व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक खास अवसर होता है, जिससे जीवन के कठिनाईयों से मुक्ति पाई जा सकती है।

### गंगा सप्तमी तिथि 2025

वैदिक पंचांग के अनुसार, इस वर्ष गंगा सप्तमी का पर्व 3 मई 2025 को मनाया जाएगा। यह पर्व वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है। तिथि की शुरुआत 3 मई को सुबह 7 बजकर 51 मिनट से होगी और तिथि का समापन 4 मई को सुबह 7 बजकर 18 मिनट पर होगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सीबीआई निदेशक नियुक्ति : प्रधानमंत्री मोदी ने समिति की बैठक की अध्यक्षता की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए गठित समिति की बैठक की सोमवार को अध्यक्षता की। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना भी शामिल हुए। यह बैठक सोमवार शाम को प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित की गई। यह बैठक 25 मई को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मौजूदा निदेशक प्रवीण सूद के दो साल के कार्यकाल के समाप्त होने से पहले हुई। कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी सूद अपनी नियुक्ति से पहले राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) थे। उन्होंने 25 मई, 2023 को सीबीआई के निदेशक का पदभार संभाला था। सीबीआई निदेशक की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा तीन सदस्यीय नियुक्ति समिति की सिफारिश पर की जाती है।

### सूफी इस्लामिक बोर्ड वक्फ अधिनियम के समर्थन में शीर्ष अदालत जाएगा

**अहमदाबाद :** सूफी इस्लामिक बोर्ड (एसआईबी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंसूर खान ने सोमवार को कहा कि एसआईबी वक्फ (संशोधन) अधिनियम के पक्ष में उच्चतम न्यायालय का रुख करेगा। इसके साथ ही उन्होंने जमीयत उलेमा-ए-हिंद व ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के नेताओं पर इसके प्रावधानों को लेकर मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। खान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सूफी मुसलमान संसद द्वारा पारित संशोधित कानून का दृढ़ता से समर्थन करते हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछले प्रावधानों का कुछ संगठनों और व्यक्तियों द्वारा वक्फ की भूमि हड़पने के लिए दुरुपयोग किया गया तथा आम मुसलमानों के कल्याण की उपेक्षा की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग जो पहले स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े थे, अब एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता बन गए हैं।

### टोरंटो में भारत विरोधी परेड को लेकर कनाडा के उच्चायोग से विरोध दर्ज कराया गया

**नयी दिल्ली :** भारत ने कनाडा के समक्ष उस परेड को लेकर कड़े शब्दों में अपनी चिंता व्यक्त की है, जिसमें भारतीय नेतृत्व की अस्वीकार्य छवि प्रदर्शित की गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत ने कनाडाई प्राधिकारियों से भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी आह्वान किया, जो घृणा फैला रहे हैं तथा चरमपंथ और अलगाववादी एजेंडे की वकालत कर रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, हमने टोरंटो में आयोजित परेड के संबंध में नयी दिल्ली स्थित कनाडाई उच्चायोग को कड़े शब्दों में अपनी चिंता से अवगत करा दिया है, जहां हमारे नेतृत्व और कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों का अस्वीकार्य चित्रण और धमकी भरी भाषा का इस्तेमाल किया गया। इसमें कहा गया है, हम एक बार फिर कनाडाई अधिकारियों से भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का आह्वान करते हैं जो नफरत फैलाते हैं और चरमपंथ तथा अलगाववादी एजेंडे की वकालत करते हैं।

### जम्मू कश्मीर पुलिस ने अखनूर सेक्टर में पैदल चिनाब नदी नहीं पार करने की चेतावनी दी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को लोगों को जम्मू के अखनूर सेक्टर में चिनाब नदी को पैदल पार न करने की चेतावनी दी। यह चेतावनी ऐसे समय में जारी की गई है जब नदी में पानी का बहाव सबसे कम हो गया है और सैकड़ों ग्रामीण नदी में जमा हो गए हैं एवं उनमें से कुछ लोग सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के खोजते नजर आए। अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर में गिरावट का कारण रामबन और रियासी जिलों में बगलिहार एवं सलाल बांधों से नदी में जलप्रवाह पर रोक लगाया जाना है। केंद्र सरकार ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के मद्देनजर सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की थी।

# भारत विरोधी गतिविधियां जारी रहीं तो पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे : अनुराग ठाकुर

**हमीरपुर (हिमाचल) :** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को पाकिस्तान पर सीमा पर अशांति फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत विरोधी गतिविधियां जारी रखता है, तो उसे पूरी तरह मिटा दिया जाएगा। पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकी हमले के विरोध में पार्टी की ओर से यहां गांधी चौक पर आयोजित एक जिला स्तरीय रैली को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि उचित समय पर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाएगा। हमीरपुर से मौजूदा सांसद ठाकुर ने कहा, अगर पाकिस्तान भारत विरोधी हरकतें करता रहेगा, तो उसे विश्व की



राज्य व्यवस्था से पूरी तरह मिट जाएगा। शिमला में भाजपा नेताओं ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा और राज्य में कानूनी या अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की तत्काल पहचान कर उन्हें वापस उनके देश भेजने की मांग की। इसके अलावा लोअर बाजार क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए मार्च भी निकाला। हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि राज्य में पाकिस्तानियों को नहीं रखा जा सकता। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 17 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए गए हैं। बिंदल ने कहा कि अगर राज्य सरकार पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस नहीं भेजती, तो भाजपा जल्द ही एक 'जागरण अभियान' चलाएगी। रैली को संबोधित करते हुए ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि जहां एक ओर केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक कदम उठाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया तेज कर दी है, वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस विषय पर गंभीर नहीं है।

### गुजरात 12वीं कक्षा परिणाम : कला में 93.07 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए, विज्ञान में 83.51 प्रतिशत

**अहमदाबाद :** गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए, जिसमें विज्ञान संकाय में 83.51 प्रतिशत छात्र और कला संकाय में 93.07 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। राज्य के शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में दोनों संकाय में उत्तीर्ण प्रतिशत में सुधार हुआ है। विज्ञान संकाय की परीक्षा में 1,00,575 छात्र शामिल हुए, जबकि कला संकाय की परीक्षा में 3,37,387 छात्र शामिल हुए। डिंडोर ने बताया कि विज्ञान संकाय में कुल 83,987 छात्र अथवा 83.51 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि विज्ञान संकाय में लड़कों ने लड़कियों को मामूली अंतर से पीछे छोड़ दिया। कला संकाय में 93.07 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए, जबकि लड़कियों (95.23 प्रतिशत) ने लड़कों (90.78 प्रतिशत) से बेहतर प्रदर्शन किया।

## 'इंडियन आइडल' विजेता पवनदीप राजन सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल, नोएडा में जारी उपचार



**अमरोहा :** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में बालीवुड गायक और 'इंडियन आइडल' के 12 संस्करण के विजेता पवनदीप राजन एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायल पवनदीप को नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-नौ पर गजरौला में चौपला चौराहा ओवरब्रिज के पास रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे हुई। पुलिस ने बताया कि पवनदीप की 'एमजी हेक्टर' कार सड़क किनारे खड़े एक कैंटर (ट्रक) से जा टकराई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में गायक, कार चालक राहुल सिंह और एक अन्य व्यक्ति अजय मेहरा घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तीनों घायलों को पहले राहगीरों ने स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, फिर उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र स्थानांतरित कर दिया गया। गजरौला थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया गया और मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस इलाके में यह दुर्घटना हुई, वहां अक्सर अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों का तांता लगा रहता है, जिसके कारण यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। उत्तराखंड के चंपावत जिले के रहने वाले पवनदीप सोनी 'इंडियन आइडल' के 12वें संस्करण में जीत हासिल कर विजयी हुए थे। दुर्घटना की खबर के बाद मौके पर प्रशंसकों की भीड़ जमा हो गई और बाद में परिवार के सदस्य घायलों को नोएडा ले जाने के लिए पहुंचे।

## जलवायु परिवर्तन वैश्विक खतरा, वन देश के फेफड़े : उपराष्ट्रपति धनखड़

**सिरसी (कर्नाटक) :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को चेतावनी दी कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक खतरा और गंभीर संकट है, जिसके परिणाम अनिश्चित हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश के 'फेफड़े' कहलाने वाले वनों का अच्छी स्थिति में होना लोगों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। धनखड़ ने इस बात को रेखांकित किया कि जब किसी देश के वन अच्छी स्थिति में होते हैं, तो वहां के लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है, क्योंकि वन देश के फेफड़े हैं। उन्होंने कहा, कृषि हमारी जीवन रेखा है, लेकिन वन भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं-वे जलवायु को नियंत्रित करते हैं, आपदाओं को रोकते हैं और विशेष रूप से गरीबों एवं हाशिये पर पड़े लोगों की आजीविका का जरिया बनते हैं। 'राष्ट्र निर्माण में वानिकी की भूमिका' पर एक विशेष कार्यक्रम के दौरान वानिकी महाविद्यालय के संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत में धनखड़ ने सभी से वनों की रक्षा करने और हर संभव तरीके से योगदान देने का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने आगाह किया, जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है। स्थिति चिंताजनक रूप से खतरनाक है और हमारे पास धरती माता के अलावा (रहने योग्य) कोई अन्य ग्रह नहीं है।

## ई-समन सीधे अदालतों से जारी किये जाने चाहिए, उसकी प्रतियां थानों को भेजी जानी चाहिए: अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि तीन नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन से जमीनी स्तर पर पुलिस की कार्यकुशलता और जवाबदेही बढ़ेगी। दिल्ली में तीन नये कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने यह भी कहा कि ई-समन सीधे अदालतों से जारी किए जाने चाहिए और उनकी प्रतियां स्थानीय थानों को भेजी जानी चाहिए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने अभियोजन निदेशालय में नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने और यह सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया कि किसी भी मामले में अपील के संबंध में निर्णय निदेशालय द्वारा ही लिया जाए।



शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लाये गये तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन से जमीनी स्तर पर पुलिस की कार्यकुशलता और जवाबदेही बढ़ेगी। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने क्रमशः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। तीनों नये कानून पिछले साल एक जुलाई को प्रभाव में आ गये। बैठक में पुलिस, जेल, अदालत, अभियोजन और फॉरेंसिक से संबंधित विभिन्न नये प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। गृह मंत्री ने नए कानूनों के कार्यान्वयन में अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 60 और 90 दिनों के भीतर आरोप पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया की निरंतर निगरानी की जानी चाहिए तथा समयसीमा का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

## ईडी ने कांग्रेस के पूर्व विधायक को दिल्ली के पांच सितारा होटल से गिरफ्तार किया



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को हरियाणा से कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को यहां पांच सितारा होटल से मामूली धक्कामुक्की के बाद गिरफ्तार किया, जो 'फरार' थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। छौक्कर और उनके बेटों-- विकास (फरार) और सिकंदर पर 1,500 से अधिक घर खरीददारों को 'धोखा' देने और उनसे प्राप्त 500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि की अपनी 'रियल एस्टेट' कंपनियों 'माहिरा ग्रुप' के माध्यम से हेराफेरी करने का आरोप है। ईडी ने नवंबर 2021 में पूर्व विधायक के खिलाफ धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था । वह पिछले साल मई से छौक्कर को समन जारी कर जांच में शामिल होने के लिए कह रही है। पूर्व विधायक छौक्कर (61) को रविवार रात 10 बजे के बाद मध्य दिल्ली के शांगरी-ला होटल के 'ग्रेप्पा बार' से पकड़ा गया। ईडी अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे उन्हें खुफिया सूचना मिली थी कि छौक्कर कुछ लोगों के साथ होटल के बार में मौजूद हैं।

## सैन्य वेबसाइट तक पहुंच संबंधी दावों के बाद 'साइबर स्पेस' की निगरानी कर रहे विशेषज्ञ

**श्रीनगर :** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के एक अकाउंट द्वारा भारतीय सैन्य इंजीनियरिंग सेवा और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के संवेदनशील डेटा तक पहुंच प्राप्त होने संबंधी दावों के बाद साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और सुरक्षा एजेंसियां किसी भी साइबर हमले का पता लगाने के लिए 'साइबर स्पेस' की गहन निगरानी कर रही हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति के बीच यह घटनाक्रम हुआ है। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी। अधिकारियों ने बताया, ''एक्स' अकाउंट 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' पर एक पोस्ट में दावा किया गया था कि इस समूह ने भारतीय सैन्य इंजीनियरिंग सेवा और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के संवेदनशील डेटा तक पहुंच प्राप्त कर ली है। इस दावे से यह संकेत मिलता है कि हमलावरों ने 'लॉगिन क्रेडेंशियल' सहित रक्षाकर्मियों से जुड़ी व्यक्तिगत जानकारी हासिल कर ली है।'' उन्होंने कहा, ''एहतियात के तौर पर आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेट की वेबसाइट को गहन जांच के लिए ऑफलाइन कर दिया गया है ताकि किसी भी संभावित नुकसान का आकलन किया जा सके और वेबसाइट की प्रामाणिकता सुनिश्चित की जा सके।'' अधिकारियों ने बताया कि इस डेटा उल्लंघन के अलावा यह भी बताया गया है कि समूह ने रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक सार्वजनिक उपक्रम कंपनी आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट को भी खराब करने का प्रयास किया है। वेबसाइट को पाकिस्तानी झंडे और 'अल खालिद' टैंक का उपयोग कर विकृत किया गया है। उन्होंने बताया, ''साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और एजेंसियां किसी भी साइबर हमले का पता लगाने के लिए साइबरस्पेस की गहन निगरानी कर रही हैं।''

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, आईईडी बरामद



**मेंढर/जम्मू :** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक वन क्षेत्र में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए वहां से पांच संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और दो वायरलेस सेट बरामद किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस्तेमाल के लिये तैयार पांचों आईईडी (जिनका वजन आधा किलोग्राम से पांच किलोग्राम के बीच था) को मौके पर ही नियंत्रित विस्फोट में नष्ट कर दिया गया। इससे सीमावर्ती जिले में विस्फोट करने की आतंकवादियों की साजिश विफल हो गई। उन्होंने बताया कि रविवार देर शाम सुरनकोट के मरहोटे इलाके के सुरंथल में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह द्वारा संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। अधिकारियों ने बताया कि दो आईईडी स्टील की बाल्टियों में रखे हुए पाए गए, जबकि तीन अन्य को टिफिन बॉक्स में पैक किया गया था।

## न्यायालय ने दिव्यांगों का मजाक उड़ाने के लिए समय रैना, अन्य इंफ्लुएंसर को तलब किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की याचिका पर 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के होस्ट समय रैना समेत पांच सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर को तलब किया। एनजीओ ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने शो में स्पाइनल मस्कुलर अट्रोफी (एसएमए) नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित लोगों का मजाक उड़ाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मुंबई के पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे पांचों इंफ्लुएंसर को नोटिस जारी कर अदालत में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पीठ ने एनजीओ 'क्योर एसएमए फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की याचिका पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि से भी सहायता मांगी, जिसमें दिव्यांग लोगों और दुर्लभ विकारों से पीड़ित व्यक्तियों से संबंधित सोशल मीडिया सामग्री को विनियमित करने संबंधी निर्देश देने का अनुरोध किया गया।

## रेलवे सुरक्षा बल ने फर्जी डीआरएम को पकड़ा, जुर्माना व दंड के बाद भेजा जेल



**भोपाल :** रेलवे सुरक्षा बल और टिकट चेकिंग स्टाफ ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसने खुद को मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) बताकर यात्रा की थी। यह घटना 29 अप्रैल 2025 को गाड़ी संख्या 12138 पंजाब मेल में हुई, जब टिकट चेकिंग स्टाफ के सदस्य अमरजीत सिंह अपनी नियमित ड्यूटी पर थे। अमरजीत सिंह को ट्रेन के प्रथम श्रेणी एसी कोच में एक व्यक्ति यात्रा करता हुआ मिला। उस व्यक्ति ने खुद को डीआरएम बताया। जब स्टाफ ने उस व्यक्ति से उसका परिचय पत्र और यात्रा अधिकार प्रमाण पत्र मांगा, तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद, संदेह होने पर टिकट चेकिंग स्टाफ ने रेलवे सुरक्षा बल को सूचित किया। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर आरोपी ने अपना नाम वरुण सेगल बताया, लेकिन उसने कोई भी पहचान पत्र या अधिकृत कागजात नहीं दिखाए, जिससे उसकी पहचान की पुष्टि हो सके। बीना स्टेशन पर टीटीई द्वारा मेमो जारी किया गया, लेकिन गाड़ी के सिग्नल बदलने के कारण उसे उतारा नहीं जा सका। इसके बाद आरोपी को गाड़ी के साथ भोपाल भेजा गया। भोपाल पहुंचने पर आरोपी से 4170 रुपये का जुर्माना लिया गया और उसे जीआरपी द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। जीआरपी भोपाल द्वारा प्रस्तुत तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। न्यायालय ने आरोपी पर 1500 रुपये का जुर्माना और 4100 रुपये का दंड लगाया।

## कर्नाटक में नीट परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी से जनेऊ उतारने को कहने के मामले में दो व्यक्ति गिरफ्तार

**कलबुर्गी :** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) के लिए एक परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले एक छात्र को कथित तौर पर 'जनेऊ' उतारने के लिए कहे जाने की चार मई की घटना के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी। पुलिस ने बताया कि अभ्यर्थी की शिकायत के आधार पर केंद्र पर तैनात दो कर्मचारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिन्होंने उससे कथित तौर पर अभ्यर्थी से जनेऊ उतारने के लिए कहा था। कलबुर्गी शहर के पुलिस आयुक्त शरणप्पा एस डी ने कहा, ''कल नीट परीक्षा के दौरान एक निजी परीक्षा केंद्र पर हुई जनिवार (जनेऊ) घटना के संबंध में, अभ्यर्थी ने दो लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। हमने मामला दर्ज कर लिया है। कर्मचारियों से पूछताछ की गई और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी की कार्रवाई भी की गई है।'' उन्होंने बताया कि प्राथमिकी में जिन दो व्यक्तियों का उल्लेख किया गया है, वे एक एजेंसी के कर्मचारी हैं और उन्हें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा तलाशी ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था। उन्होंने कहा, ''दोनों को रविवार शाम को गिरफ्तार किया गया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया, क्योंकि यह एक जमानती अपराध था।''

## मैं यह निर्णय कर्नाटक की समझदार जनता पर छोड़ता हूं कि गलती किसकी है: सोनू निगम

**नयी दिल्ली :** मशहूर गायक सोनू निगम ने बेंगलुरु में हाल ही में आयोजित एक संगीत कार्यक्रम के दौरान कन्नड़ समुदाय के बारे में उनकी टिप्पणी को लेकर हुए विवाद के सिलसिले में सोमवार को कहा कि वह यह तय करने का जिम्मा कर्नाटक की समझदार जनता पर छोड़ते हैं कि मामले में गलती किसकी है। निगम ने यह बयान ऐसे समय में दिया है, जब कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) ने कन्नड़ समुदाय के बारे में विवादास्पद टिप्पणी करने के आरोप में उनके खिलाफ 'असहयोग' अभियान शुरू करने की घोषणा की है। बेंगलुरु के एक कॉलेज में 25



अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में एक श्रोता ने निगम से कन्नड़ भाषा में गाना गाने का अनुरोध किया था, जिस पर गायक ने कहा था, ''कन्नड़... कन्नड़... पहलगाम में हुई घटना के पीछे यही वजह है।'' इस टिप्पणी के बाद अवलाहल्ली थाने में तीन मई को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। गायक ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक बयान में कहा कि वह इस मामले में कर्नाटक के पुलिस अधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे और फैसला चाहे जो भी हो, राज्य के लोगों से मिले प्यार को हमेशा संजोकर रखेंगे। निगम ने कहा, ''मैं यह तय करने का जिम्मा कर्नाटक के समझदार लोगों पर छोड़ता हूं कि मामले में गलती किसकी है। मैं आपके फैसले को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करूंगा। मैं कर्नाटक की कानून प्रवर्तन एजेंसियों और पुलिस का पूरा सम्मान करता हूं और उन पर भरोसा करता हूं। मुझसे जो भी अपेक्षा की जाएगी, मैं उस पर खरा उतरूंगा।''

# भारत के साथ शांति की बात करना पाकिस्तान में अपराध माना जाता है: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को दावा किया कि पाकिस्तान में भारत के साथ शांति की बात करना ''अपराध माना जाता है'' जबकि भारत में वार्ता पर ''मुख्यधारा के मंचों पर चर्चा की जाती है और यहां तक कि उसे प्रोत्साहित भी किया जाता है।'' शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारत में जो लोग जमीनी हकीकत को समझे बिना 'अमन की आशा' का प्रचार कर रहे हैं - उन्हें यह समझ लेना चाहिए: भारत के साथ शांति की बात करना पाकिस्तान में अपराध माना जाता है। भारत में पाकिस्तान के साथ शांति के बारे में बात करने को बर्दाश्त किया जाता है, यहां तक कि मुख्यधारा के मंचों पर इस पर बहस होती है, इसे प्रोत्साहित भी किया जाता है।'' उन्होंने कहा, ''भारत की



आजादी का आनंद लेते हुए पाकिस्तान के बारे में अच्छी बातें करना आदर्शवाद नहीं है - यह सर्वोत्तम स्थिति में उच्च कोटि की अज्ञानता, पाखंड और अपनी मातृभूमि के साथ विश्वासघात है।'' मुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि पाकिस्तान किस प्रकार भारत समर्थक आवाजों को निगरानी, सेंसरशिप, कानूनी धमकी, गिरफ्तारी, यातना, जबरन गायब कर देने और सामाजिक बहिष्कार के माध्यम से नियंत्रित करता है। शर्मा ने आरोप लगाया कि भारत समर्थक भावना वाले प्रत्येक पोस्ट, ट्वीट या लेख पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों, विशेष रूप से आईएसआई द्वारा नजर रखी जाती है तथा छात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को नियमित रूप से निगरानी सूची में रखा जाता है। शर्मा ने आरोप लगाया कि नागरिकों को खुफिया एजेंसियों द्वारा पकड़कर बिना किसी सुनवायी के जेल में डाल दिया जाता है - अक्सर किसी कविता, शांति अपील या संतुलित लेख के लिए, जिससे कोई नुकसान नहीं होता।

## भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत की अद्भुत यात्रा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन पहली बार 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर एक विशेष हैरिटेज टूर का आयोजन करने जा रही है। यह टूर मराठा साम्राज्य के महान संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर करेगा। यात्रा की शुरुआत 09 जून 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से होगी और यह 5 रातों और 6 दिनों की यात्रा होगी। इस टूर में पर्यटकों को रायगढ़ किला, पुणे के लाल महल, कसबा गणपति मंदिर, शिवसृष्टि, शिवनेरी किला, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, प्रतापगढ़ किला और कोल्हापुर के महालक्ष्मी मंदिर और पन्हाला किला के दर्शन कराए जाएंगे। रायगढ़ किला वह ऐतिहासिक स्थल है, जहां शिवाजी



महाराज का राज्याभिषेक हुआ था और यह उनकी राजधानी भी बनी थी। इसके बाद पुणे में लाल महल और कसबा गणपति मंदिर की यात्रा होगी, जहां से पर्यटक शिवसृष्टि जाएंगे, जो शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित भारत का सबसे बड़ा थीम पार्क है। तीसरे दिन पर्यटक शिवनेरी किला जाएंगे, जहां शिवाजी महाराज का जन्म हुआ था। इसके बाद भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन होंगे। चौथे दिन पर्यटक प्रतापगढ़ किला और कोल्हापुर में महालक्ष्मी मंदिर और पन्हाला किला देखेंगे। पन्हाला किला वही स्थल है, जहां शिवाजी महाराज ने 500 दिन तक शरण ली थी। भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन में स्लीपर, सेकेंड एसी और थर्ड एसी कोच होंगे, जो कुल 748 पर्यटकों को समायोजित कर सकते हैं। इस यात्रा में शाकाहारी भोजन, बसों से स्थल भ्रमण, रात्रि विश्राम और टूर एस्कॉर्ट जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

## में बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेता हूं: अर्शदीप सिंह



**धर्मशाला :** पंजाब किंग्स की लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जीवन जीने का तरीका बेहद सरल है, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेना। अर्शदीप ने लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने अब तक आईपीएल के वर्तमान सत्र में 11 मैचों में 16 विकेट ले लिए हैं और प्रसिद्ध कृष्णा (19 विकेट) और जोश हेज़ल-वुड (18 विकेट) के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। अर्शदीप ने मैच के बाद कहा, 'मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता और अभी केवल वर्तमान में जीने का पूरा आनंद ले रहा हूं। हम एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'यहां शुरू में गेंद को थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था और मैंने वास्तव में इसका पूरा आनंद लिया।' अर्शदीप खुश हैं कि वह पावरप्ले के अंदर मिशेल मार्श, एडेन मार्क्रम और निकोलस पूरन जैसे धाकड़ बल्लेबाजों के विकेट लेने में सफल रहे। उन्होंने कहा, 'मैं बस उसे (मार्श को आउट करने के लिए नेहल वढेरा का कैच) गेंद की ओर दौड़ते हुए देख रहा था। मैं प्रार्थना कर रहा था बस इसे पकड़ लो क्योंकि आप जानते हैं कि मिच एक बहुत ही खतरनाक खिलाड़ी है। इस विकेट का पूरा श्रेय नेहल को जाता है।'

# भारत ने वनडे और टी20 में शीर्ष स्थान बरकरार रखा



**दुबई :** भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सोमवार को जारी नवीनतम वार्षिक पुरुष रैंकिंग में सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, लेकिन टेस्ट प्रारूप में वह एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसक गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है। नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला जीत भी शामिल है। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उसने पाकिस्तान (एक अंक के लाभ के साथ पांचवें) और दक्षिण अफ्रीका (चार अंक के नुकसान के साथ छठे) को पीछे छोड़ा। अफगानिस्तान चार अंकों के सुधार के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन इंग्लैंड चार अंक खोने के बाद आठवें स्थान पर आ गया। वेस्टइंडीज पांच अंक हासिल करके नौवें स्थान पर पहुंच गया। बांग्लादेश चार अंकों की गिरावट के साथ 10वें स्थान पर खिसक गया है। टी20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है। पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है।

## पंकज आडवाणी ने लगातार तीसरी बार सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक जीता



**मुंबई :** दिग्गज क्यू खिलाड़ी (बिलियर्ड्स और पूल) पंकज आडवाणी ने फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए ध्रुव सितवाला को 5-2 से हराकर अपना तीसरा सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब जीता। आडवाणी ने सितवाला के खिलाफ 10-150, 150-148, 81- 150, 150-96, 150-136, 150-147, 150-137 से हराया। रविवार को देर रात खेले गए फाइनल के शुरुआती तीन फ्रेम में आडवाणी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी दूर थे लेकिन उन्होंने दूसरे फ्रेम में सितवाला द्वारा दिए गए अवसरों का पूरा फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। आडवाणी ने चौथा फ्रेम जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और लय हासिल करने के बाद खेल पर नियंत्रण बना लिया। उन्होंने अगले तीन फ्रेम जीतकर जीत सुनिश्चित की और ढाई लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। उप विजेता सितवाला को डेढ़ लाख रुपये की इनामी राशि मिली। आडवाणी ने कहा, 'यह जीत मेरे लिए विशेष है।' आडवाणी ने इससे पहले 2023 और 2024 में भी यह खिताब जीता।

## दिल्ली के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद सनराइजर्स प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर

**हैदराबाद :** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ने के साथ सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के प्ले ऑफ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई। दोनों टीम को इस मैच से एक-एक अंक मिला जिससे दिल्ली के 11 मैच में 13 अंक हो गए हैं और टीम पांचवें स्थान पर बनी हुई है। सनराइजर्स की टीम 11 मैच में सात अंक के साथ आठवें स्थान पर है लेकिन अब अधिकतम 13 अंक जुटा सकती है जबकि पहले ही चार टीम 14 या इससे अधिक अंक हासिल कर चुकी हैं। सनराइजर्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली तीसरी टीम है। राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपरकिंग्स भी पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं।सनराइजर्स ने कप्तान पैट कमिंस (19 रन पर तीन विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट पर 133 रन के स्कोर पर रोक दिया। पारी के ब्रेक के दौरान हालांकि तेज बारिश शुरू हो गई और मैच दोबारा शुरू नहीं हो पाया।कमिंस की धारदार गेंदबाजी के सामने दिल्ली ने 29 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन टीम ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 41, 36 गेंद, चार चौके) और आशुतोष शर्मा (41 रन, 26 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) की उपयोगी पारियों और दोनों के बीच सातवें विकेट की 66 रन की साझेदारी की सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही।जयदेव उनादकट ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया। ईशान मलिंगा (28 रन पर एक विकेट) और हर्षल पटेल (36 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट हासिल किया। कमिंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और फिर टीम को शानदार शुरुआत दिलाते हुए 15 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों करुण नायर (00) और फाफ डु प्लेसी (03) तथा अभिषेक पोरेल (08) को पवेलियन भेज दिया।

# भारत ने दिव्यांग क्रिकेट श्रृंखला में श्रीलंका को 5 . 0 से हराया



**बेंगलुरू :** भारतीय शारीरिक दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पी डी दीपक लोहिया स्मृति ट्रॉफी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में श्रीलंका को 5-0 से हराया। पांच मैचों की श्रृंखला यहां 26 अप्रैल से पांच मई के बीच किनि क्रिकेट मैदान पर खेली गई थी। पांचवें मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 191 रन बनाये और श्रीलंका को 15 ओवर में 88 रन पर आउट कर दिया। भारत ने पहला मैच 103 रन से, दूसरा छह विकेट से , तीसरा तीन विकेट से और चौथा 66 रन से जीता था। विजेता भारतीय टीम को दो लाख रूपये और श्रीलंका को 50000 रूपये मिले।

# गेंदबाजों को आखिरकार कुछ स्विंग मिल सकती है: शमी



**हैदराबाद :** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मानना है कि आईपीएल 2025 में गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कदम ने इस टी20 लीग में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बहाल कर दिया है जो लंबे समय से गेंदबाजों के लिए कब्रगाह रही है। आईपीएल के मौजूदा सत्र की शुरुआत से पहले बीसीसीआई ने गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध हटा दिया और रात के मुकाबलों में ओस से निपटने के लिए 'दो गेंद' का नियम लागू किया जिससे गेंदबाजों को बहुत राहत मिली जो गेंदबाजी नियमों में बदलाव की वकालत कर रहे थे। शमी ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा, 'लंबे समय से नियम बल्लेबाजों के पक्ष में रहे हैं लेकिन अब अंतत: चीजें थोड़ी बदल रही हैं।' उन्होंने कहा, 'कोविड के बाद लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध ने गेंद को रिवर्स स्विंग कराना मुश्किल बना दिया था लेकिन इसे हटाए जाने के बाद गेंदबाजों को अंतत: कुछ स्विंग वापस मिल सकती है। साथ ही गीली गेंद को बदल पाना एक बड़े फायदे की स्थिति है- सूखी गेंद बेहतर पकड़ और मौके देती है, विशेषकर कठिन परिस्थितियों में।



## रिजर्व बैंक ने 2024-25 की दूसरी छमाही में 25 टन सोना बढ़ाया



**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तवर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में अपने भंडार में लगभग 25 टन सोना बढ़ाया है। इस अवधि में सोने की कीमतों में वृद्धि देखी गई थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्रीय बैंक के पास अब अपने भंडार में 879.59 टन सोना है, जबकि सितंबर 2024 के अंत में उसके पास 854.73 टन सोना था। वित्तवर्ष 2024-25 में, केंद्रीय बैंक ने अपने भंडार में सोने की मात्रा 57 टन और बढ़ायी, जिस अवधि के दौरान सोने की कीमतों में 30 प्रतिशत की तेजी देखी गई थी। यह पिछले सात वर्षों में सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि है। केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर अर्धवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय रूप से संग्रहीत कीमती धातु की मात्रा मामूली रूप से बढ़कर 511.99 टन हो गई। स्थानीय तिजोरियों में रखे सोने के अलावा, 348.62 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास था और 18.98 टन सोना जमा के रूप में रखा गया था। यह ध्यानयोग्य है कि वित्तवर्ष 2025 की पहली छमाही में, रिजर्व बैंक ने स्थानीय तिजोरियों में बड़ी मात्रा में सोना स्थानांतरित किया था। स्थानीय तिजोरियों में संग्रहीत सोने की कुल मात्रा 30 सितंबर तक 510.46 टन थी, जो 31 मार्च, 2024 को 408 टन से अधिक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के समय हो रही सोने की आवाजाही को वर्ष 1991 के बाद से भारत द्वारा किए गए सोने की सबसे बड़ी आवाजाही में से एक कहा गया था।

# सीतारमण ने एडीबी प्रमुख, इटली के वित्त मंत्री से की मुलाकात

**पाकिस्तान का कोई जिक्र नहीं हुआ**

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसातो कांडा एवं इटली के वित्त मंत्री जिआनकार्लो जॉर्जेटी से मुलाकात की और कई आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की लेकिन बैठकों में भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव का कोई जिक्र नहीं हुआ। सीतारमण बहुपक्षीय विकास एजेंसी एडीबी की 58वीं वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने के लिए मिलान में मौजूद हैं। एडीबी बैठक से इतर सीतारमण ने कांडा और जॉर्जेटी से मुलाकात कर विश्व एवं एशियाई क्षेत्र के समक्ष मौजूद विभिन्न आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने कहा कि मिलान में एडीबी अध्यक्ष और इटली के वित्त मंत्री के साथ बैठक में 'पाकिस्तान से संबंधित मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं हुई।' वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा,




**सीतारमण ने एडीबी से आतंकवाद-समर्थक पाकिस्तान की वित्तीय मदद बंद करने की मांग की**

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से पाकिस्तान को वित्तीय मदद बंद करने की सोमवार को मांग करते हुए कहा कि पड़ोसी देश आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इटली के मिलान में एडीबी के अध्यक्ष मसातो कांडा के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान सीतारमण ने बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसी से पाकिस्तान को दिए जाने वाले धन पर रोक लगाने का आग्रह किया।

एडीबी अध्यक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक में वित्त मंत्री ने दोहराया कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। वह दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता, माल व सेवा कर (जीएसटी) कार्यान्वयन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन जैसे साहसिक पहलों के माध्यम से लगातार अनुकूल नीति एवं नियामक परिवेश का निर्माण कर रहा है, ताकि व्यापार करने में अधिक सुगमता हो। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि भारत नए, अभिनव वित्तपोषण उत्पादों व मॉडल का संचालन करने के लिए एडीबी को अवसर मुहैया कराता है। इस मुलाकात में एडीबी अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण से निर्देशित भारत की विकास प्राथमिकताओं के लिए पूर्ण समर्थन देने की बात भी कही। इसके बाद सीतारमण ने इटली के वित्त मंत्री जॉर्जेटी से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने भारत-इटली आर्थिक संबंधों को मजबूत करने तथा आपसी हित के मुद्दों पर वैश्विक एवं बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

## न्यूज अपडेट

### सोना 550 रुपये उछलकर 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी में 400 रुपये की गिरावट

**नयी दिल्ली :** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 96,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी सोमवार को 550 रुपये बढ़कर 96,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले सत्र में सोने की कीमत 96,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी 400 रुपये टूटकर 96,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का भाव 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 46.34 डॉलर बढ़कर 3,286.83 डॉलर प्रति औंस हो गया।

### अब ट्रंप की देश के बाहर बनी फिल्म पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने की धमकी

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब देश के बाहर बनी फिल्म (मूवी) पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने की धमकी दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' पर रविवार रात को एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने वाणिज्य विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को हमारे देश में आने वाली विदेशी जमीन में बनी किसी भी फिल्म पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने के लिए अधिकृत किया है। उन्होंने लिखा, अमेरिका में फिल्म उद्योग बहुत तेजी से मर रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य देश फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर करने के लिए सभी प्रकार के प्रोत्साहन दे रहे हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय निर्माण पर इस तरह का कोई शुल्क कैसे लगाया जा सकता है।

### एयर इंडिया ने पट्टे पर दिए गए छह बोइंग 777-300 ईआर विमान खरीदे

**नयी दिल्ली :** विमानन कंपनी एयर इंडिया ने छह बोइंग 777-300 ईआर विमान खरीदे हैं, जिन्हें पट्टे पर संचालित किया जा रहा था। सूत्रों ने बतासा कि सात साल से अधिक समय के बाद इस श्रेणी के 'वाइड-बॉडी लॉन्ग रेंज' विमान की खरीद हुई है। विमानन कंपनी ने यह कदम, आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं की वजह से आपूर्ती में होने वाली देरी और उसके पुराने 'वाइड-बॉडी' विमानों के नवीनीकरण की वजह से उठाया है। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एयर इंडिया ने छह बोइंग 777-300 ईआर विमान खरीदे हैं, जिनका परिचालन पट्टे पर किया जा रहा था। इन विमानों का परिचालन पहले एतिहाद एयरवेज करती थी। हालांकि, एयर इंडिया के प्रवक्ता ने इस सौदे पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

### अकासा एयर ने अपने बेड़े में बोइंग 737 मैक्स-8 विमान किया शामिल

**मुंबई :** घरेलू विमानन कंपनी अकासा एयर ने अपने बेड़े में एक और बोइंग 737 मैक्स-8 विमान को शामिल करने की सोमवार को घोषणा की। इससे उसके बेड़े में इन विमान की संख्या बढ़कर 28 हो गई। विमानन कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, पंजीकरण संख्या वीटी-वायबीई वाला बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान एक मई को आइसलैंड के रास्ते अमेरिकी विमान प्रमुख की सिएटल सुविधा से बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। इसमें कहा गया, अगस्त 2022 में परिचालन शुरू करने के बाद से अकासा ने विश्वसनीयता, दक्षता तथा सेवा उत्कृष्टता के साथ स्तर बढ़ाने पर केंद्रित एक अनुशासित विकास रणनीति अपनाई है। अकासा ने कहा कि यह कदम भारत तथा विश्व स्तर पर व्यापक हवाई नेटवर्क विकसित करने की विमानन कंपनी की रणनीतिक रूपरेखा के अनुरूप है। बयान के अनुसार, तीन किस्तों में 226 विमान के ऑर्डर के तहत उसे 198 और विमान की आपूर्ति की जानी अभी बाकी है।

### बीते वित्त वर्ष में लौह अयस्क उत्पादन 4.3 प्रतिशत बढ़कर 28.9 करोड़ टन पर

**नयी दिल्ली :** देश का लौह अयस्क उत्पादन बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 4.3 प्रतिशत बढ़कर 28.9 करोड़ टन रहा है। खान मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। लौह अयस्क का उत्पादन 2023-24 में 27.7 करोड़ टन रहा था। लौह अयस्क के उत्पादन में निरंतर वृद्धि उपयोगकर्ता उद्योग यानी इस्पात में मजबूत मांग की स्थिति को दर्शाती है। मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 2024-25 में बढ़कर 38 लाख टन हो गया, जो 2023-24 में 34 लाख टन था।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी इस साल के उच्चतम स्तर पर



**मुंबई :** विदेशी कोषों का निवेश जारी रहने और कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज गिरावट आने के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी इस साल के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 294.85 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 80,796.84 अंक पर बंद हुआ। यह चार महीनों से अधिक समय का इसका उच्चतम बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.04 अंक बढ़कर 81,049.03 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 114.45 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 24,461.15 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी के लिए भी यह वर्ष 2025 का अब तक का सबसे ऊंचा बंद स्तर है। सेंसेक्स की कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स के शेयर में सर्वाधिक 6.29 प्रतिशत की तेजी देखी गई। यह तेजी रिश्वतखोरी की जांच में आपराधिक आरोपों को खारिज करने की मांग करने के लिए अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों से गौतम अदाणी के प्रतिनिधियों के मिलने की खबरों के बीच आई। अदाणी समूह की अन्य सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, कोटक महिंद्रा बैंक में 4.57 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

## अदाणी पावर का बांग्लादेश पर करीब 90 करोड़ डॉलर बकाया: सीएफओ




**नयी दिल्ली :** अदाणी पावर को बिजली आपूर्ति के एवज में बांग्लादेश से करीब 90 करोड़ डॉलर (करीब 7,500 करोड़ रुपये) लेने हैं। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अदाणी समूह की कंपनी झारखंड के गोड्डा में स्थित बिजली संयंत्र से बांग्लादेश को आपूर्ति करती है। अदाणी पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) दिलीप झा ने तिमाही नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा, 'अभी तक हमने (अदाणी पावर) कुल मिलाकर करीब 200 करोड़ डॉलर का बिल भेजा है। इसमें से 120 करोड़ डॉलर हमें पहले ही मिल चुके हैं। हमने 13.6 करोड़ डॉलर का एलपीएस (देर से भुगतान अधिभार) भी भेजा है।' उन्होंने कहा कि कंपनी का बांग्लादेश पर अभी तक एलपीएस समेत कुल बकाया करीब 90 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। पूंजीगत व्यय योजना के बारे में झा ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 13,307 करोड़ रुपये की योजना बनाई है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में खर्च किए गए 8,000 करोड़ रुपये से अधिक है। अदाणी पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एस बी ख्यालिया ने कहा कि कंपनी बांग्लादेश को पूरी बिजली की आपूर्ति कर रही है और कभी भी इस स्तर का कोई मुद्दा नहीं था जिसके चलते आपूर्ति रोकनी पड़े।

## एप्पल इंडिया की बिक्री मार्च तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़ी, वीवो का दबदबा: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारत में एप्पल के आईफोन की आपूर्ति में जनवरी-मार्च तिमाही 2025 में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान इसकी बाजार हिस्सेदारी भी बढ़कर आठ प्रतिशत हो गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो की जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में भारत के समग्र स्मार्टफोन बाजार में सबसे अधिक 20 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। इसके साथ ही भारतीय स्मार्टफोन बाजार में इसमें अपना दबदबा कायम रखा। वहीं दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग 18 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारतीय बाजार में दूसरे और शाओमी 13 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर रही। रिपोर्ट के मुताबिक, शाओमी की हिस्सेदारी में सालाना आधार पर शीर्ष पांच में शामिल कंपनियों में से सबसे अधिक 37 प्रतिशत की गिरावट आई। यह किफायती और 'वैल्यू-फॉर-मनी' स्मार्टफोन दोनों खंडों में चुनौतियों को दर्शाती है। ओप्पो स्मार्टफोन की बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ी और इसकी बाजार हिस्सेदारी 12 प्रतिशत पर पहुंच गई। वहीं मोटोरोला ने सालाना आधार पर 53 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में भारत में 5जी स्मार्टफोन की आपूर्ति कुल बाजार का 86 प्रतिशत रही, जो सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## रुपया 27 पैसे मजबूत होकर 84.30 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को 27 पैसे मजबूत होकर 84.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि शेयर बाजार में मजबूत निवेश प्रवाह भारतीय परिसंपत्तियों में विदेशी निवेशकों की निरंतर रुचि को दर्शाता है। हालांकि वैश्विक अनिश्चितताओं ने रुपये के लाभ को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.45 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 84.10 के दिन के ऊपरी और 84.47 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में रुपया 84.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो अपने पिछले बंद स्तर से 27 पैसे की तेजी को दर्शाता है।

**वर्ष 10, पूर्णांक 4227 अंक 037, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in